खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

नई दिल्ली, शनिवार 30 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 148 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश: योगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में नीरज चोपड़ा रहे दूसरे स्थान पर खेल टाइम्स



असली यानि जैविक पिता का सवाल सम्पादकीय



इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया पेज 12

# भारत में छह लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा जापान

## 15वें भारत-जापान समिट में पीएम ने दोनों देशों के अगले 10 साल का रोडमैप बताया, जापानी पीएम को भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में जापानी पीएम इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है।

उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल, मीडियम उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत रूस- यूक्रेन जंग को मानवता के आधार पर देखता है, भारतीय टैलेंट और जापानी टेक्नोलॉजी साथ आए, तो जीत पक्की**

### मोदी के स्वागत में जापानी महिलाओं का भरतनाट्यम, गायत्री मंत्र व राजस्थानी भजन सुनाया

**टोक्यो।** पीएम मोदी टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग की होती है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य भरतनाट्यम से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक व आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाड़िया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था।

### पटना में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना।** कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है और इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम के बाहर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया और अरुण सिन्हा, महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता समेत लगभग 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए: महुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

### बिहार एसआईआर पर एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितम्बर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। राजद और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितम्बर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की स्वर्णिम विजय

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में केंन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षाएं भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।



**कहा : ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम किया**

# उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की जान गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, एक उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया।

पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह इसे हटाया गया। उत्तराखंड में गुरुवार रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर- रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पंजाब के गुरदासपुर में सेना ने 27 अगस्त को एक टापू पर फंसे 27 लोगों के चीता हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू का वीडियो शुक्रवार को पोस्ट किया। पंजाब में बारिश के चलते 9 जिलों में भीषण बाढ़ आ गई है। इनमें पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर शामिल हैं।



**पंजाब: फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का किया रेस्क्यू**

## संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गई तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।

## राम सेतु मामले में केंद्र को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। श्री स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।



# ट्रम्प टैरिफ से भारत की इकोनॉमी को लगे पंख

## पहली तिमाही में 7.8 % रही जीडीपी ग्रोथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी।




**कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

# दिल्ली-एनसीआर के 8 जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी त्योहार के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर जिलों में प्रभावी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। यूपी पुलिस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है। उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत जुर्माना व सजा दोनों मिल सकती है। पकड़े जाने पर पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, दोनों (सजा और जुर्माना) हो सकती है। वहीं पकड़े जाने के बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहने वालों की सूचना देने के लिए 112 नम्बर डायल करने, व्हाट्स एप नम्बर 7570000100 पर मैसेज द्वारा, एसएमएस 7233000100 नम्बर पर किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पेज फेसबुक के लिए /112उत्तर प्रदेश व एक्स /112उत्तर प्रदेश पर करने के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस की वेबसाइट के पब्लिक ग्रीवांश सेल के फायर क्रेकर पोर्टल पर जाकर शिकायत कर सकते हैं।



**मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा आदेश**

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में तैनात एसडीएम जायसवाल की हादसे में मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपर जिला. धिकारी का कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजेश जायसवाल की शुक्रवार की सुबह लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा वापस लौट रहे थे। इटावा के पास एक्सप्रेस वे पर किसी वाहन से टक्कर के बाद उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 बैच के अधिक.ारी जायसवाल किरावली में एसडीएम के पद पर तैनात थे और वर्तमान में कलक्ट्रेट में अपर नगर मजिस्ट्रेट का चार्ज संभाले हुए थे।

### चीनी मिलों की मदद करेगा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) राज्य की सभी चीनी मिलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डा. आरपी सिंह ने कहा कि राज्य की सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण अनुपालन व सहमति आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं। ये इकाइयां लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है आरएसएसः असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर सवाल उठाए

■ 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं।

ओवैसी ने कहा कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है। सभी अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक दंपति के तीन बच्चे की वकालत करते हुए कहा था कि जिस समाज में परिवारों के तीन से कम संतानें हों, उनका अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। उन्होंने आबादी नियंत्रण के साथ पर्याप्त जनसंख्या को भी देश के लिए जरूरी बताया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो। आप कौन होते हैं लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है। आरएसएस समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुसलमानों के खिलाफ नफरत को संस्थागत रूप दिया गया है। अमेरिकी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि टैरिफ का बड़ा असर होगा। हमारे 50 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। मोटर पार्ट्स, आभूषण, रत्न और रेडीमेड कपड़ों के हमारे 60 हजार करोड़ रुपये के निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। फरवरी में हमारे प्रधानमंत्री जी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी, उनके बीच बातचीत हुई थी और उसके बाद टैरिफ की यह स्थिति शुरू हुई। वे यूक्रेन पर हमले के लिए हमें दोषी ठहरा रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ से भारत के निर्यातकों को बड़ा नुकसान होगा। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार को देश की जनता को जवाब देना होगा। वे उन लोगों के लिए क्या करने जा रहे हैं जिन्हें नुकसान होने वाला है।

# मोहन भागवत पर अखिलेश ने कसा तंज

## कहा: न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वालों ने बारी आने पर बदल दिए नियम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सम्भल मामले को लेकर पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा' की बात करने वाले ने अपनी बारी आने पर नियम बदल दिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले जब अपनी बारी आई, तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नहीं। अपनी बात से पलटने वालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है। जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। गौरतलब है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके एक बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के बयान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 2029 का रास्ता साफ हो गया है। ज्ञातव्य है कि बीते 11 जुलाई 2025 को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा था कि जब आप 75 साल के हो जाते हैं और कोई आपको शॉल ओढ़ाता है, तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। वहीं सम्भल मामले को लेकर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में पलायन का मसला शामिल किए जाने व भाजपा द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा 'पलायन का प्रोपोगंडा' फैलाना नौ साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। सम्भल रिपोर्ट को लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा था कि न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि वहां से हिंद.ुओं को कैसे मजहबी प्रताड़ना के कारण पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। यादव ने एक्स पर लिखा- भाजपा सरकार लोगों में न तो विश्वास जगा सकी व न ही अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द ला पाई।

## सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश

# योगी ने न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को मुद्दा बनाया

**प्रतापगढ़, वार्ता**



■ कहा: डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समा.जवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंद.ुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं।

आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी, जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना।

अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमा.नित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने हर जिले को एक माफिया दिया था।

### योगी ने किया उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है, तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

# कांग्रेस ने चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी पर आगाह किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीन के साथ उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने को मजबूर किया जा रहा भारत को: जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों में गिरावट का चीन फायदा उठाना चाह रहा है और भारत को उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के बाद चीन की यात्रा पर जाना है। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन इस दौरान चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी के मद्देनजर भारत के हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। रमेश ने कहा कि श्री मोदी विदेश भ्रमण पर हैं। मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे। पाकिस्तान पर हुई सैन्य कार्रवाई के समय चीन की भूमिका को ध्यान में रखते हुए उसके साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चीन के साथ संबंध सामान्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और वह भी ज्यादातर उसकी शर्तों पर। भारत-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट का फायदा उठाने की चीन कोशिश कर रहा है।

---

**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85

**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# तेज बिकवाली के चलते लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने के पहले अंतिम घंटे में हुई तेज बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही और सेंसेक्स साढ़े तीन महीने 80 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.92 अंक (0.34 प्रतिशत) की गिरावट में 79,809.65 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 24,426.85 अंक पर आ गया। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में टूटने से सेंसेक्स इस साल नौ मई और निफ्टी-50 का आठ अगस्त के बाद के निचले स्तर पर आ गया है। आखिरी घंटे को छोड़कर दोनों सूचकांक लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहे थे। सेंसेक्स 69.74 अंक टूटकर 80,080.57 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चला गया। बाद में हालांकि लिवाली बढ़ने से यह 79,741.76 अंक तक टूटकर अंत में 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 80,310.74 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.96 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 और इंफोसिस में 2.04 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.03 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 0.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 0.92 और एचडीएफसी बैंक का 0.68 प्रतिशत लुढ़क गया। एक्सिस बैंक, टीसीएस, इटरनल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक में भी बिकवाली हावी रही। एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से आईटीसी में सबसे अधिक 2.26 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 1.47 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.43, एलएंडटी का 1.12, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.97 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत बढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यनिलिवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी चढ़े। एनएसई में निफ्टी-50 सूचकांक 34.20 अंक लुढ़ककर 24,466.70 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,572.45 अंक और नीचे 24,404.70 अंक पर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.65 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में एफएमसीजी की 0.95 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद की 0.15

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया।

विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ए क्रमशः 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है। साथ ही रुपए में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है।

# किफायती आवास की बिक्री बढ़ाने के लिए करों में छूट दे सरकारः नरेडको

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने पिछले कुछ समय से किफायती आवासों की घटती बिक्री पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे निपटने के केंद्र और राज्य सरकारों को करों में छूट देनी चाहिए।

नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर बात करते हुए हीरानंदानी ने कहा कि पिछली छह तिमा.हियों में किफायती आवासों की बिक्री में कमी आई है। इसका कारण यह है कि पिछले कुछ समय में जमीन की कीमत बढ़ी है, निर्माण की लागत बढ़ी है, सरकारी कर और अन्य सभी चीजें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों पर पुनर्विचार की जरूरत है। यह सिर्फ दिल्ली या एक दो शहरों की बात नहीं है, पूरे देश में जमीन की कीमत बढ़ रही है। हर जगह सर्किल रेट बढ़े हैं। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), स्टांप ड्यूटी, डेवलपमेंट शुल्क बढ़ाते समय वे (सरकार में बैठे लोग) सोच नहीं रहे हैं कि हमें किफायती आवासन को बढ़ावा देने की जरूरत है। सम्मेलन में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय देश में किफायती 94 लाख किफायती आवासों की कमी है, जो साल 2030 तक बढ़कर तीन करोड़ पर पहुंच जाएगी। देश के आठ बड़े शहरों में मांग की तुलना में आपूर्ति मात्र 36 प्रतिशत है, जबकि साल 2019 में आपूर्ति मांग से पांच प्रतिशत अधिक थी। हीरानंदानी समूह के सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री हीरानंदानी ने बताया कि उन्होंने सम्मेलन में और केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के सचिव के साथ चर्चा में स्पष्ट कहा है कि इस पर सरकार को राहत देनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत में...** हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे। मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा कि भारत इस संघर्ष को हमेशा मानवता के आधार पर देखता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हमारे रुख की सराहना की है। दोनों नेताओं ने मुझसे बात भी की। मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही। मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट साथ आ जाए, तो जीत पक्की है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं, वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, एविएशन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए, इसरो और जाक्सा (जापानी स्पेस एजेंसी) के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगी और अंतरिक्ष में भी मानवता की डेवलपमेंट का प्रतीक बनेगी।' मोदी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज प्लान के तहत अगले 5 सालों में अलग-अलग सेक्टर में दोनों देशों की तरफ से 5 लाख लोगों के एक्सचेंज को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी इकोनॉमी की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाई टैक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में, डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्माल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं। जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते की फाइल एक्सचेंज की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# हाई-प्रोफाइल प्रवेश धोखाधड़ी गैंग का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस के साइबर थाने ने हाई-प्रोफाइल प्रवेश धोखाधड़ी गैंग का पर्दाफाश कर दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से १ करोड़ ३४ लाख ६६ हजार रुपये , छह महंगे मोबाइल और एक लैपटॉप जब्त किया है। आरोपी प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रवेश सलाहकार बनकर, बल्क एसएमएस सेवाओं के जरिए लोगों को लुभाते थे।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपास्युक्त अंकित सिंह ने बताया कि २५ अगस्त को एक महिला शिकायतकर्ता की शिकायत पर,साइबर थाने के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने बताया कि धोखेबा. जों ने कॉलेज में ३.५ लाख रुपये में दाखिला दिलाने पर सहमति जताई, जिसमें से २.३ लाख रुपये उन्होंने उनके कार्यालय में जमा कर दिए। इसके बाद धोखेबाजों ने अपने फोन बंद कर दिए और कार्यालय खाली कर दिया।इसके बाद एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में एसएचओ साइबर राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी निगरानी, घ्डिजिटल फुटप्रिंट विश्लेषण, आईपी ट्रेसिंग और कई प्लेटफार्मों पर बहुस्तरीय तकनीकी विश्लेषण के बाद आरोपी कुशाग्र श्रीवास्तव (35) और चिन्मय सिन्हा (32) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उनके पास से १ करोड़ ३४ लाख ६६ हजार रुपये , छह महंगे मोबाइल और एक लैपटॉप जब्त किया है।पुलिस ने बताया कि गैंग दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रवेश सलाहकार बनकर, हाल ही में बारहवीं पास करने वाले इच्छुक छात्रों के अभिभावकों को बल्क एसएमएस सेवाओं के माध्यम से अपने जाल में फँसाता था।वे प्रबंधन कोटे के तहत प्रवेश का आश्वासन देते थे, मोटी रकम वसूलते थे और फिर कार्यालय बंद करके और फोन बंद करके भूमिगत हो जाते थे।

पुलिस थाना कालकाजी में प्रारंभिक जाँच से पता चला कि इस समूह के खिलाफ पहले ही ३१ शिकायतें दर्ज की जा चुकी थीं, जिन्हें बाद में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया था।

## बारिश का असर 250 से अधिक फ्लाइट्स पर

**नई दिल्ली।** सुबह से शुरू हुई वर्षा ने आईजीआई एयरपोर्ट की उड़ाने सेवाओं पर असर डाला। यह असर प्रस्थान की उड़ानों पर विशेष तौर नजर आया। करीब २५० उड़ानें विलंब की चपेट में रही।

सुबह नौ बजे के बाद यह विलंब समयसारिणी पर स्पष्ट तौर पर नजर आया। आलम यह हुआ कि विलंबित उड़ानों में औसत विलंब की दर आधा घंटा दर्ज की गई। खराब मौसम को देखते हुए सभी एयरलाइंस की ओर से यात्रियों के लिए सलाह जारी होती रही। इंडिगो ने यात्रियों के लिए विशेष गाइडलाइन जारी करते हुए कहा कि भारी वर्षा की वजह से दिल्ली का यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसलिए यात्रियों को पहले से प्लानिंग करके सफर करना चाहिए। इंडिगो ने यह भी सुझाव दिया कि यात्री उड़ान से जुड़ी जानक. ारी के लिए एप या वेबसाइट का इस्तेमाल करते रहें। एयरलाइन ने भरोसा दिलाया कि उनकी एयरपोर्ट टीमें यात्रियों की मदद के लिए हर समय उपलब्ध हैं।

# बारिश से लगा कई मार्गों पर जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुबह से दिल्ली के कई इलाकों में रह रह कर हो रही झमाझम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो जलभराव फिर लोगों के लिए आफत बन गया । शुक्रवार सुबह से ही कुछ इलाकों में हो रही बारिश से कुछ जगहों पर जलभराव और सड़कों पर जाम लग गया, जिस वजह से ऑफिस जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा । दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर पांडव नगर के पास जाम लग गया । बारिश की वजह से आनंद विहार रोड और गाजीपुर रोड पर भी भीषण जाम लगा । इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी और लोग देर से ऑफिस पहुंचे । स्कूल के लिए घरों से निकले बच्चों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह बारिश देखने को मिली। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। दिल्ली में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वहीं, जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि ६ महीने में ही भाजाप की सरकार ने दिल्ली को डुबोकर रख दिया है।

# यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर बृहस्पतिवार के बाद शुक्रवार को भी खतरे के निशान से नीचे रहा। कल शाम छह बजे पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर २०५.०७ मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान २०५.२२ मीटर है। वहीं, हथिनी कुंड बैराज से ३०५०४ क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से ४३६९० क्यूसेक और ओखला बैराज से ४८७७३ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बुधवार रात ८ बजे नदी का जलस्तर २०५.३५ मीटर तक पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी है। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सभी संबंधित एजेंसियों को एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया है।

केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि चेतावनी का निशान २०४.५० मीटर है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंच. ाने का काम २०६ मीटर तक जलस्तर पहुंचने पर शुरू होता है। बैराजों से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर ४८ से ५० घंटे लगते हैं।

एनजीटी ने दिल्ली सरकार और डीडीए को यमुना बाढ़ क्षेत्र के २२ किलोमीटर के इलाके के सीमांकन से जुड़े मानदंडों की जानकारी के साथ ताजा रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। बृहस्पतिवार को अदालत ने १० दिनों के अंदर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई ११ सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने १२ अगस्त को दाखिल की गई रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया। इसमें कुछ इलाकों में १०० साल में एक बार बाढ़ आने का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि गंगा व सहायक नदियों के बाढ़ मैदान के सीमांकन से संबंधित मामलों में वर्ष २०१६ में एनजीटी ने आदेश दिया था। इसमें १०० साल में एक बार के उच्चतम बाढ़ स्तर के साथ बाढ़ मैदान के सीमांकन का निर्देश दिया गया था।

# रोड स्वीपिंग मशीनों की लाइव ट्रैकिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से नागरिक अब शहरभर में चल रही मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की वास्तविक समय में गतिविधियों और मार्गों को देख सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करना है। वर्तमान में, एमआरएसएम प्रतिदिन रात १०:०० बजे से सुबह ६:०० बजे तक, रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर, कार्य करती हैं। इस पोर्टल की मदद से जनता यह भी देख सकेगी कि सफाई मशीनें कब और कहां काम कर रही हैं, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी।एमसीडी के पास कुल ५२ मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें हैं, जो प्रतिदिन लगभग १६०० किलोमीटर रोड लेंथ (६० फीट से अधिक चौड़ाई वाली) की सफाई करती हैं।

# फरवरी 2026 तक तय होगी नई ईवी पॉलिसी

**नई दिल्ली।** मौजूदा इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पॉलिसी को बढ़ाकर दिल्ली सरकार ने ३१ मार्च २०२६ तक कर दिया है। यह पॉलिसी शुरू में अगस्त २०२३ तक लागू रहनी थी, लेकिन इसे कई बार आगे बढ़ाया गया। अब साफ हो गया है कि नई दिल्ली ईवी पॉलिसी फरवरी २०२६ से लागू की जाएगी।

दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने हाल ही में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के एक कार्यक्रम में इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि नई पॉलिसी फरवरी से पहले भी लागू हो सकती है। सरकार पहले इसकी पूरी प्लानिंग और पब्लिक कंसल्टेशन करके इसे जनता के सामने लाएगी। मंत्री पंकज सिंह ने भरोसा दिलाया कि नई पॉलिसी लोगों को पसंद आएगी और सरकार ईवी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए और कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि पॉलिसी में ज्यादा इंसेंटिव, पुरानी गाड़ियों के स्क्रैपेज प्रोग्राम और टैक्स छूट जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। हालांकि, पूरी जानकारी आधिकारिक एलान के बाद ही सामने आएगी। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और खराब एयर क्वालिटी इंडेक्स को देखते हुए ईवी अब एक अहम समाधान बन चुके हैं। हर साल अक्टूबर में पराली जलने से हालात और बिगड़ जाते हैं और ट्रैफिक का धुआं हवा को जहरीला बना देता है।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लेती हुईं।

# हर महीने 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलेंगे: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ने राजधानी के विभिन्न इलाकों हर माह 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य रखा है ताकि आमजन को घरों के आसपास ही समुचित प्राथमिक इलाज मिल सके।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण और उनके उद्घाटन को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानक. ारी दी कि वैसे तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के लिए १०० गज जमीन ही काफी है। लेकिन उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इससे भी बड़े साइज की सरकारी जमीनों को चिन्हित करें और वहां इनका निर्माण करें।

उन्होंने कहा कि बड़े आकार के आरोग्य मंदिरों में बड़े हॉल आदि बनाए जाएं, ताकि इमरजेंसी के हालात वहां बेड आदि की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि बड़े आकार के बनने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पार्किंग आदि की व्यवस्था भी की जा सके।

सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



# डीसीपी धवल जायसवाल ने सुनी जनता की समस्याएं, बोले- यह पुलिस का कर्तव्य

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशानुसार शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की दिशा में लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय पर आम जनता से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डीसीपी नगर ने सभी शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत वार्ता की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।



उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस मौके पर डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस का दायित्व है कि आमजन को न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए। इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान करते समय पारदर्शिता और संवे. दनशीलता बरती जाए।पुलिस कमिश्नरेट का मानना है कि जनता से संवाद और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण ही पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करता है। आने वाले समय में भी इस प्रकार की जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। इस तरह की जनसुनवाई प्रशंसा योग्य हैं क्योंकि इससे न सिर्फ लोगों का पुलिल पर भरोसा बढ़ता है बल्कि पुलिस तक भी सही जानकारी पहुंच पाती है जो न सिर्फ उन्हें कार्रवाई करने में मदद करती है बल्कि पुलिस पर वक्त-वक्त पर लगते इंजामों का भी जवाब होती हैं।

मुरादनगर नगर पालिका महिला सफाई कर्मचारी से की बदसलू

# जान से मारने की दी धमकी

## नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने महिला सफाई कर्मचारी से अभद्रता के संबंध में कराई शिकायत दर्ज

- **हाथापाई होने की सूचना पर बिट्टू सफाई नायक व साहिल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर की एक कॉलोनी प्रीत विहार वार्ड नंबर तीन में महिला सफाई कर्मचारी से अभ्यता करने का मामला सामने आया है। मामला दिनांक 28.8.2025 का है। प्रार्थनी लता व हिना वार्ड नंबर तीन प्रीत विहार नाले वाले रोड पर सफाई का कार्य करती है। जहां गुलफामुद्दीन निवासी प्रीत विहार मकान नंबर 249 वार्ड नंबर 3 मुरादनगर द्वारा सफाई कर्मचारी को टॉयलेट साफ करने के लिए अंदर बुलाता है जहां उनके मना करने पर भी उन के साथ खींच तान करता है वह जाति सूचक शब्द का प्रयोग भी करता है। अत: मारपीट भी की गई व जा न से मारने की धमकी भी दी गई।

बताया गया की गुलफामुद्दीन ने पहले भी सफाई कर्मचारियों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार कर चुका है! हाथापाई होने की सूचना पर बिट्टू सफाई नायक व साहिल द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया गया! मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ने महिला सफाई कर्मचारी से गलत व्यवहार करने व सरकारी काम में बाधा डालने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है शिकायत के आधार पर मुरादनगर पुलिस शिकायत पर काम कर रही है।

## लोनी में रवि धामा ने कराया बेसहारा मृत नंदी महाराज का अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी के राम पार्क कॉलोनी से सचिन कसाना द्वारा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रवि धामा को सूचना दी गयी कि रोड पर एक नंदी महाराज मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है। रवि धामा ने सूचना तत्काल खन्ना नगर चौकी प्रभारी को दी वे भी तुरन्त दारोगा अजय विश्वकर्मा और हैड कांस्टेबल संदीप चौधरी के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद लोनी नगरपालिका से इंस्पेक्टर राजकुमार ने जेस. ीबी लेकर ऑपरेटर मुन्ना को भेजा। तब सभी कॉलोनी वासियों की मदद से नन्दी महाराज का हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।

# गड्ढा मुक्त होगी लोनी की लाइफलाइन: रंजीता धामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा के द्वारा दिल्ली सहारनपुर रोड पर जगह-जगह हो रहे गहरे गड्ढों को नगर पालिका के द्वारा मलबा गिरवाकर भरे जाने की प्रक्रिया को शुरू कराया गया। आपको बताते चले कि जैसा कि आप सभी को विदित है की दिल्ली सहारनपुर रोड 709इ हाईवे की हालत दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। जिसके कारण आए दिन इस रोड पर वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं तथा पूर्व में कई कई नागरिक इन गड्ढों में गिरकर अपनी जान गवा चुके हैं जिस वजह से लोनी नगर पालिका के द्वारा इस सड़क पर मलबा गिरवाकर गड्ढा मुक्त अभियान चालू किया गया है आने वाले समय में जल्दी लोनी



रोड को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सहारनपुर रोड जो NHAI का रोड है एवं इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग की बनती है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस रोड का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है तथा कई युवा इसमें गिरकर असमय ही काल के गाल में समा गए हैं।

नगर पालिका के द्वारा सड़क को गड्ढा मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जल्दी आप सभी को लोनी रोड गड्ढा मुक्त दिखेगी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है जिससे कि इस सड़क को पुन: अच्छे रूप से बनाया जा सके। इस अवसर पर पूर्ण नगर पालिका अध्यक्ष मनोज धामा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि दिल्ली सहारनपुर रोड लोनी क्षेत्र के नागरिकों की लाइफ लाइन है जिस से दिन प्रतिदिन कई लाख व्यक्ति गुजरते हैं तथा दिल्ली जैसे बड़े शहर में नौकरी व व्यापार करने जाते हैं एवं रोजमर्रा की मजदूरी के लिए हजारों लोग साइकिल, मोटरसाइकिल व कार से इस मार्ग से गुजरते हैं उन सभी की परेशानियों को देखते हुए एवं समझते हुए नगर पालिका के द्वारा गड्ढा मुक्ति अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि लोनी की जनता हमारे लिए सर्वोच्च है सर्वे सर्वा है जिनके द्वारा लगातार तीन योजनाओं से धामा परिवार के ऊपर जो विश्वास जताया गया है।

## कनौजिया ग्रुप ने डॉ.अरुण त्यागी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के पुरस्कार से सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉ. अरुण त्यागी को कनौजिया ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया कनौजिया ग्रुप के अध्यक्ष मनोज कनौजिया ने कहा कि डॉ. अरुण त्यागी खेल, शिक्षा,लेखन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रीय ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलवा रहे हैं हमें उनके कार्यों व कार्य प्रणाली पर गर्व है उनके द्वारा राष्ट्रहित में किया जा रहे कार्य अपने आप में बेमिसाल है हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छाया पब्लिक स्कूल को जो आशीर्वाद मिला उससे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है इस अवसर पर कनौजिया ग्रुप की चेयरपर्सन अर्चना कनौजिया, प्रीति डागर, प्रीती मेहता, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

दक्ष प्रजापति सेवा समिति के सदस्यों ने

# एसीपी भास्कर वर्मा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव शोभा यात्रा का आयोजन 13 जुलाई को रामल. ीला मैदान से चलकर शिव मंदिर बागवाली कॉलोनी में समापन हुआ शोभा यात्रा के संयोजक व अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व दक्ष प्रजापति सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉ सुभाष तोमर प्रजापति, सहसंयोजक मुकेश प्रजापति की देख रेख में सम्पन्न हुआ दक्ष प्रजापति सेवा समिति व अखिल भारतीय प्रजा. पति कुंभकार महासभा व गों रक्षा टीम, राजापुर,शास्त्री नगर बाग. वाली कॉलोनी के समस्त प्रजा.



पति भाईयो की मुख्य भूमिका रही। जिनमे हरवीर प्रजापति, दीपक प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, राजवीर प्रजापति, सचिन प्रजा. पति, गुड्डू प्रजापति, सचिन प्रजा. पति, रोशन प्रजापति, पवन प्रजा. पति, रतिपाल प्रजापति, राजबीर प्रजापति, सुशील प्रजापति पंछी कुल्फी वाले व डॉ सुभाष तोमर प्रजापति के द्वारा थाना कविनगर के ए.सी.पी भास्कर वर्मा को परमिशन के संबंध में एक लिखित पत्र दिया गया।

जिसमें ए.सी.पी भास्कर वर्मा ने शोभायात्रा को सरल और सुंदर बनाने के लिए प्रशासनिक रूप से पूर्णत्या सहयोग किया जिसके संबंध में सभी प्रजापति भाइयों ने भास्कर वर्मा ए.सी.पी थाना कविनगर को शौल पटका पहनाकर एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ सुभाष तोमर प्रजापति, मनोज प्रजापति, राकेश प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति सुन्दर सुजुकी, अमित बरनवाल, हिमांशु प्रजापति, वविपिन गोला, दीपांशु प्रजापति, सोनू प्रजापति, मोनू प्रजापति, अंश प्रजापति व समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद की राजभाषा पत्रिका 'मुकुल' का अनावरण

**गाजियाबाद।** 28 अगस्त 2025 के दिन गाजियाबाद के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की राजभाषा पत्रिका 'मुकुल' के तीसरा अंक का लोकार्पण किया गया। इस दौरान संयुक्त सचिव (पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी डॉ. के. जे. श्रीनिवास (भारतीय विदेश सेवा) के द्वारा पत्रिका का विमोचन किया गया एवं राजभाषा के संवर्धन हेतु कार्यालय के प्रयासों की सराहना की गई। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप (भारतीय विदेश सेवा) ने इस पत्रिका को कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक रचनात्मकता और प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूर्णज्ञानांजलि इंटर कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पूर्णज्ञानांजलि इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित जोन स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की दोनों टीमों ने ऐसा खेल दिखाया कि पूरे मैदान में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। प्रतियोगिता में क्षेत्र के दो विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, किंतु विजेता का ताज दोनों ही वर्गों में पूर्णज्ञानांजलि इंटर कॉलेज के सिर सजा। अंडर-19 वर्ग में कप्तान अवंत चौधरी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अपने दमदार स्मैश और सटीक रणनीति से प्रतिद्वंद्वी टीम को धराशायी कर दिया। वहीं



अंडर-17 वर्ग में कप्तान मनीष खारी की अगुवाई में टीम ने साहस और जुझारूपन का परिचय देते हुए विजय की गाथा लिखी। कोच शाहरुख खान ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा, "हमारी टीम की यह जीत अनुशासन, कठोर परिश्रम और एकता का जीवंत उदाहरण है।" विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने भावुक शब्दों में कहा, "हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि खेल केवल जीत का नहीं, बल्कि समर्पण और संघर्ष का नाम है। आज उन्होंने विद्यालय का मान बढ़ाया है।" विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाइयाँ दीं। पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण छा गया।

# विजयनगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना पुलिस ने एक कार्रवाई के तहत लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक पीली धातु की चौन, 5500 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए हैं।

विजयनगर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में लूट और छिनैती की घटनाओं में वृद्धि देखी गई थी, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल था। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने रणनीति बनाकर संदिग्धों की तलाश शुरू की। बीती रात गश्त के दौरान पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्तियों की गति. विधियां संदेहास्पद लगीं।

जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो अभियुक्तों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों अभियुक्त घायल हो गए और उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया।पूछताछ के दौरान आरो. पियों ने कई लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की।

उनके कब्जे से बरामद पीली धातु की चौन और नकदी हाल की एक लूट की घटना से संबंधित पाई गई। मोटरसाइकिल का उपयोग भी इन अपराधों को अंजाम देने में किया गया था। अवैध असलहा और कारतूस की बरामदगी ने अभियुक्तों के खतरनाक इरादों को उजागर किया। पुलिस अब इनके आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य संभावित सहयोगियों की जांच कर रही है।

## सुहावने मौसम के बीच जलभराव से परेशान गाजियाबाद

**गाजियाबाद।** बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया है, लेकिन साथ ही शहर में जलभराव और जाम की समस्या भी बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से ही गाजियाबाद में भारी बारिश का दौर जारी है। दोपहर को झमाझम बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। मेरठ से सटे मोदीनगर क्षेत्र में मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर के कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा और कई जगह पानी भरा होने से आवागमन बाधित हुआ। पिछले रविवार रात से शुरू हुआ बारिश का सिल. सिला अब तक जारी है।

# धूमधाम के साथ विदा किए, गणपति गजानन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 अग्रवाल सदन में गणेश उत्सव परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

शुक्रवार की शाम गणपति बप्पा की विधिवत मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के सभी भक्तों द्वारा एवं संजय नगर के सभी निवासीगण, महिलाएँ और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जैसे ही गणपति महाराज को विदा करने के लिए लेकर के चले तो सभी भक्तों की आंखों में आंसुओं की धारा निकली इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि



ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि स्थापना उपरांत ट्रस्ट की ओर से अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, भजन संध्या एवं सामूहिक आरती, विशेष आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया।

शुक्रवार की शाम गणपति विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन किया गया, संजय नगर के मुख्य मार्ग अग्रवाल सदन से आरम्भ होकर ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और श्गणपति बप्पा मोरयाश के जयकारों के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के उपरांत भगवान गणेश की प्रतिमा को विधिवत गंग नहर में विसर्जन किया गया।

तत्पश्चात इस कार्यक्रम की मौजूदगी में वानर भोज की भी व्यवस्था की गई हजारों वानरों ने प्रसाद पाकर इस कार्यक्रम की उपस्थिति दर्शाइ इस अवसर पर सुरेंद्र पाल त्यागी, राम गुप्ता, डॉ नीरज गर्ग, गौरव अग्रवाल, वैभव ठाकुर, सुशांत पांडे, सुरेंद्र तिवारी सुरेंद्र तिवारी, इंद्रेश तिवारी, देवी अशोक झा, मुकेश देवी, अंकुर अंकित, शालिनी आकांक्षा, अयांश अग्रवाल, आवे अग्रवाल उपस्थित रहे।

## लोनी विधायक ने निजी खर्च से शुरू कराया गड्ढा भराव अभियान

**गाजियाबाद।** दिल्ली-सहारनपुर रोड की बदहाल स्थिति को देखते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। विधायक ने निजी खर्च से गड्ढों को भरवाने का अभियान शुरू कराया है ताकि बरसात में यात्रियों को राहत मिल सके। विधायक गुर्जर ने बताया कि इस सड़क के लिए लगभग 33 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण अभी निर्माण कार्य शुरू करना व्यर्थ होगा, क्योंकि पानी जमा होते ही सड़क दोबारा खराब हो जाएगी। गुर्जर का कहना है कि जब तक अवैध कॉलोनियों और नगर पालिका की लापरवाही से पैदा होने वाली जल निकासी की समस्या का हल नहीं होगा, तब तक यह सड़क टिकाऊ नहीं रह सकती। चौकी कॉलोनी से निकलने वाला पानी अक्सर दिल्ली-सहारनपुर रोड पर भर जाता है, जिससे हर बार सड़क टूट जाती है। विधायक ने याद दिलाया कि करीब दो वर्ष पहले विपक्षी दलों ने एक नाले को ब्लॉक कर दिया था। इससे पूरा पानी सड़क पर भर गया और सड़क टूटने लगी। तब उन्होंने मौके पर पहुंचकर नाले को खुलवाया था और आधे घंटे में सड़क पर जमा पानी सूख गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सब जानबूझकर भाजपा सरकार और उनके विकास कार्यों की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जनता सच्चाई जानती है और किसी भी साजिश से गुमराह नहीं होगी।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल में 'क्रियो' का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्विद्यालय क्रियो-2025; सांस्कृतिक उत्सवद्ध की ऑफलाइन प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन बडे ही उत्साह व जोश के साथ आरम्भ हुआ। स्वागत भाषण में एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने कहा, श्मैं भाग लेने वाले सभी स्कूलों व प्रतिभागियों को बधाई देतो हूँ जिन्होंने अपनी अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता, संसाधनशीलता, लचीलापन और अनुक. ूलन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए नया अन्वेषण और निर्माण किया है। हमारा मानना है कि आपने न केवल इस अवसर का आनंद लिया, बल्कि आज इस अनूठे अवसर से बहुमूल्य अंतर्दृष्टि भी प्राप्त की। आज के दिन के मुख्य आकर्षण नृत्य, अभिनय, काव्य पाठ प्रतियोगिता, कला, संस्कति, फोटोग्राफी आदि से



संबधित कार्यकम थे।

प्रतिभागी छात्रों में फिर से नया जोश व रवानगी थी। इनविक्टिस इंटरनेशनल स्कूल अमृतसर, सनबीम स्कूल वाराणसी, ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत, ऋचमंड पब्लिक स्कूल दिल्ली, रिनायंस स्कूल बुलन्दशहर, सेठ आनन्दराम जयपुरिया, खेतान वर्ल्ड स्कूल, गुरुकुल-द स्कूल, डी० एल० एफ० साहिबाबाद, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल, सिल्वर बेल्स स्कूल, सनवैली इंटरनेशनल स्कूल, द डी०पी०एस० जी० वसुंधरा, चौ० छबीलदास पब्लिक स्कूल, वनस्थली पब्लिक स्कूल, ए०के० चिल्ड्रेन एकेडमी, सालवान पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, आर०क. ०जी० ग्लोबल स्कूल, श्रीराम ग्लोबल स्कूल ग्रेटर नाएडा, डी० पी० एस० जी० सिद्वार्थ विहार, वनस्थली पब्लिक स्कूल, परिवर्तन स्कूल, सेंट जेवियर हाई स्कूल आदि। मुख्य कार्यक्रम व उनके परिणाम इस प्रकार रहे- कम संख्या

**कार्यकम का नाम**

1. ड्रामेटिक परसोना
2. वर्ड सर्च
3. क्ले वंडर्स!
4. फोटो फेम
5. शटर बग्स
6. डांस वर्क्स
7. एस०डी०जी० हीरोज
8. भावाभिव्यक्ति
9. वे दी पीपल
10. स्पैलविज
11. मास्टर्स - अनफेम्ड विजेता स्कूल

इनविक्टिस इंटरनेशनल स्कूल अमृतसर, नेहरु वर्ल्ड स्कूल एवं डी०पी०एस० वसुंधरा चौ० छबीलदास पब्लिक स्कूल, सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा, नेहरु वर्ल्ड स्कूल एवं वनस्थली पब्लिक स्कूल गुरुकुल-द स्कूल, गाजियाबाद।

डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, डी०एल०एफ, गाजियाबाद पब्लिक स्कूल, गुरुकुल- द स्कूल,बसैंट जेवियर्स, गाजियाबाद।

ए०पी० जे० नोएडा, डी०एल०एफ गाजियाबाद, गुरुकुल- द स्कूल, वनस्थली पब्लिक स्कूल श्रीराम ग्लोबल स्कूल, ग्रेटर नोएडा नेहरु वर्ल्ड स्कूल एवं खेतान वर्ल्ड स्कूल आदि स्कूलों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री ने किया वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन फिनिशर मेडल का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिल्ली सचिवालय में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के फिनिशर मेडल का अनावरण किया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल भावना, फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह हाफ मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि यह स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज के निर्माण की दिशा में एक बड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार यह भी प्रयास करेगी कि मैराथन में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुष से अधिक हो।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर धावक का संकल्प और मेहनत समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह मेडल केवल धावकों की जीत का प्रतीक नहीं है, बल्कि उनकी हिम्मत, लगन और प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने बताया कि वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन १२ अक्टूबर




को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के हजारों लोग न केवल दिल्ली से बल्कि पूरे देश और विश्वभर से हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के विजन को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में अब महिला मुख्यमंत्री है, इसलिए हम चाहेंगे कि मैराथन में भाग लेने वालों में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर फिटनेस का संदेश देते हैं। कभी वह तेल का सेवन कम करने की बात करते हैं, कभी योग और व्यायाम को बढ़ावा देते हैं, कभी स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने और मोटे अनाज (मिलेट्स) के उपयोग पर बल देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विजन है कि देश स्वस्थ रहे और भारत का हर नागरिक स्वस्थ और सशक्त बने। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक स्तर पर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जितने भी प्रयास सरकार के साथ मिलकर किए जाते हैं, दिल्ली सरकार उन सभी को प्रोत्साहित करती है। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से, विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से, अपील की कि वे बड़ी संख्या में इसमें भाग लें। मुख्यमंत्री ने वेदांता के इस प्रयास को अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर पहल बताते हुए कहा कि प्रतिभागी केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि पूरे मन से दौड़ते हैं और फिटनेस को अपनी प्राथमिकता बनाते हैं।मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस आयोजन के लिए दिल्ली सरकार हर तरह की सहायता और सहयोग उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में वेदांता की अनिल अग्रवाल फाउंडेशन एंड बिजनेस स्ट्रैटेजी की अध्यक्ष श्रीमती रितु झिंगोन, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रोकैम इंटरनेशनल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बच्ची से दुष्कर्म व हत्या का आरोपी आया शिकंजे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ६ साल की बच्ची को समोसा दिलाने का लालच देकर उसको खाली प्लॉट पर ले जाकर दुष्कर्म और पहचान छुपाने के लिये हत्या करने वाले आजीवन कारावास की सजा काट रहे पैरोल जंपर संजय उर्फ सुजॉय को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी जमानत मिलने के बाद चार साल से फरार चल रहा था। उसे २०१० में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और बाद में २०१४ में कोर्ट की डबल बेंच ने उसकी सजा बरकरार रखी। २०२१ में, उसे पैरोल पर रिहा किया गया था,जिसने अपना नाम संजय से बदलकर सुजॉय रख लिया था। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के निर्देशन में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल मिंटू यादव की पुख्ता जानकारी के बाद पुलिस टीम ने पटना, बिहार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि २६ अक्तूबर २००७ को, कपासहेड़ा के ओबेरॉय फार्म के पास एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

मृत बच्ची के पिता वहीं पर मौजूद थे। बच्ची के शरीर पर माथे, सिर, चेहरे और गुप्तांगों पर चोट के निशान थे। पिता से पता चला कि एक दिन पहले से बेटी लापता थीा। वह अपने भाई और अन्य बच्चों के साथ उनके घर के पास खेलने गई थी।

पड़ोसी संजय बच्ची को शाम को समोसा दिलवाने के लिये ले गया था। आरोपी वारदात के बाद पटना, बिहार चला गया, जहाँ उसने पड़ोसी के घर में घुस गया और घर की महिलाओं के साथ अश्लील हरतक की थी।

# कैबिनेट मंत्री सिरसा ने की महिला हॉकी लीग के शुभारंभ में शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महिला हॉकी लीग का औपचारिक शुभारंभ सांसद कमलजीत सेहरावत और उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा की मौजूदगी में सरवोदय बाल विद्यालय, अशोक नगर में हुआ।

खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सिरसा ने कहा,कि "शिक्षा और खेल के जरिए बेटियों को सशक्त बनाना ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के सपने को साकार करने का पक्का तरीका है। आज आप जो भी गोल करेंगी, वह भारत के भविष्य के लिए होगा।

उद्घाटन मैच में मेजबान विद्यालय और जनकपुरी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसे ६०० से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साह से देखा। सिरसा ने कहा, कि "दिल्ली की बेटियां भारतीय हॉकी को नई दिशा दे रही हैं।" सांसद कमलजीत सेहरावत ने टूर्नामेंट को हरी झंडी दिखाई और छात्राओं के साथ स्किल डेमो में हिस्सा लिया।




**सर्वोदय बाल विद्यालय, अशोक नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महिला हॉकी लीग के औपचारिक शुभारंभ अवसर पर छात्राएं अपनी कला का प्रदर्शन करती हुईं।**

# दिल्ली में इस साल अब तक भवन गिरने की 13 घटनाओं में 44 मरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस १५ अगस्त को पट्टेशाह दरगाह के कमरे की छत-दीवार गिरने से छह की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हुए।

दिल्ली के मुस्तफाबाद में ११ अप्रैल को चार मंजिला इमारत गिरने से ११ लोग मारे गए, १३ घायल हो गए। वहीं, नौ अगस्त को जैतपुर हरिनगर मंदिर के पास दीवार गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में जरा सी बरसात या आंधी में इमारत- भवनों, उनके हिस्सों का गिरना अनायास नहीं है, भवन निर्माण में जीवन सुरक्षा मानकों का पालन न करना इसका प्रमुख कारण है। दिल्ली के ५५ लाख भवन (वर्ष २०११ की जनगणना ३३ लाख घर के अनुमान पर) में से ४४ लाख भवनों में राष्ट्रीय भवन संहिता (नेशनल बिल्डिंग कोड, एनबीसी) २०१६ जीवन सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया है।

शायद यही कारण है कि इन घटनाओं से चिंतित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने २० अगस्त को दरियागंज में निर्माणाधीन भवन का छज्जा गिरने से हुई बिहार निवासी तीन श्रमिकों की मौत का स्वत: संज्ञान ले दिल्ली के मुख्य सचिव, आयुक्त नगर निगम दिल्ली और पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

दिल्ली में पिछले चार वर्षों में भवन गिरने की १,३२३ की घटनाओं में १३७ लोगों की मौत हो गई जबकि ८७३ घायल हुए। इस वर्ष अब तक भवन गिरने की १३ प्रमुख घटनाओं में कुल ४४ लोग मारे गए, ११९ लोग घायल हुए। इस मामले में पुरानी दिल्ली, शाहदरा सहित दिल्ली से जुड़े बाहरी इलाकों सर्वाधिक संवे. दनशील माना गया हैं।

# भजनों के बीच भाषण उचित नहीं: हर्ष मल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के पूर्वी दिल्ली स्थित लक्ष्मी नगर, प्रियदर्शनी विहार बी-204 में श्री गणेश सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय श्री गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत गणपति जी की आरती और ढाई मन लड्डुओं का प्रसाद अर्पित करने के साथ हुई। शाम को वृंदावन मित्र मंडल द्वारा आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक राजू अनेजा और उनके साथियों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, निगम पार्षद अल्का राघव, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक



अंसारी, पूर्व पार्षद हिमांशी पांडे, पुलिसकर्मी अरविंद वत्स सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और समिति के सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। हर्ष मल्होत्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, "बड़े हर्ष का विषय है कि हम सबको इस भक्तिमय आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला। समिति के संस्थापक राज कत्याल ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से हम स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली का संदेश जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। अल्का राघव ने कहा कि, पूरा देश इस समय गणेश महोत्सव को हर्षोल्लास और आस्था के साथ मना रहा है।

# मेजर ध्यानचंद जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोती राम स्मारक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिलशाद गार्डन में आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर डिप्टी मजिस्ट्रेट शाहदरा ऋषिता गुप्ता, एडीएम राजीव रंजन विधायक संजय गोयल ,मुखर्जी मेमोरियल सोसायटी की अध्यक्षा श्रीमती जयन्ती गोयला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता उप शिक्षा निदेशक बी एस अग्रवाल उप शिक्षा निदेशक क्षेत्रीय अलका चौधरी मोतीराम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रमिता गौतम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता राजवती एवं श्रीमती पूनम गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

विद्यालय की छात्राओं ने टग आफ वार जैसी रोचक खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए स्वस्थ और फिट रहने की शपथ ली। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में कहा कि मेजर ध्यानचंद जी केवल एक महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि खेलों की अनुशासनप्रिय और समर्पणमयी भावना के प्रतीक थे। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि चरित्र निर्माण में भी सहयोगी है।

## दिल्ली का चिड़ियाघर अगले आदेश तक बंद

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर के वॉटर बर्ड एवियरी में दो पेंटेड स्टार्क पक्षी मृत मिले, जिनमें बर्ड फ्लू (एच५एन१ एवियन इन्फ्लुएंजा) की पुष्टि हुई है। २७ अगस्त को लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है, जो भोपाल के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीजेस (एनआईएचएसएडी) से आई है। २८ अगस्त की शाम दोनों नमूनों ने बर्ड फ्लू के लिए पॉजिटिव पाए गए। चिड़ियाघर प्रशासन ने इसे गंभीर बताया है और सुरक्षित उपाय के तहत चिड़ियाघर को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। अतिरिक्त उपाय के तौर पर पक्षियों की निगरानी बढ़ाई गई है।

# दूषित पानी से पंचकुइयां के निवासीगण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंचकुइयां रोड स्थित डबल क्वार्टरों में ७५० परिवार गंदे पानी की आपूर्ति से परेशान हैं। दशकों पुरानी इस समस्या में सीवर का पानी मिक्स होकर आ रहा है जिससे लोग टैंकर से पानी भरने को मजबूर हैं। नागरिक कल्याण समिति ने गलत पाइपलाइन कनेक्शन को समस्या का कारण बताया है और विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मजबूरी में लोग टैंकर से पानी भरने या बाजार से महंगे दामों पर सीलबंद पानी खरीदने को विवश हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या दशकों पुरानी है। जबकि सीपीडब्लूडी और एनडीएमसी दोनों मिलकर घरों में पानी की सप्लाई करते है, लेकिन एनडीएमसी कर्मचारी समस्या के कारणों का पता लगाने में असफल रहें है। जिस कारण समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों का आरोप है कि वर्ष १९३१ में जब इन सरकारी क्वार्टरों का निर्माण हुआ था। तभी खुदाई के दौरान सीवर और पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। ठेकेदारों ने बिना जांच किए गलत लाइनों को जोड़ दिया था और तब से यह समस्या लोगों को परेशान कर रही है।

## डीयू में छात्रों द्वारा निकाली गई पदयात्रा

**नई दिल्ली।** संत दुर्बलनाथ के 164वें जन्मोत्सव पर दिल्ली विश्वविद्यालय, नॉर्थ कैंपस में खटीक समाज के छात्रों द्वारा प्रोफेसर रवि महिंद्रा और दिल्ली विश्वविद्यालय में लंबे समय तक सक्रिय छात्र राजनीति में रहे विकास खितौलिया के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली गई।

रामजस कॉलेज के छात्र नेता हर्षित नैनीवाल ने बताया कि संत दुर्बलनाथ के विचारों को हमें जन जन तक पहुंचना है। श्यामलाल कॉलेज के कुशाल बोरीवाल ने बताया कि इस पदयात्रा को सफल बनाने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के खटीक समाज के छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ा गया था । समीर गंगवाल, मनन नागर (श्रद्धानंद कॉलेज), मोहित छीलवाल (रामलाल आनंद कालेज), ने बताया कि संयोजकत्व रूप में सैंकडों छात्र ने हंसराज कॉलेज से आर्ट फैकेल्टी तक पदयात्रा कर, छात्रों ने आर्ट्स फैकल्टी के प्रांगण में संत दुर्बलनाथ महाराज की 164वे जन्मोत्सव पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

# नौकरियों की कमी के बावजूद टेक्नीकल पदों पर मांग बरकरार

**नई दिल्ली।** भारत में नौकरी का औपचारिक बाजार जुलाई में कमजोर रहा। ग्लोबल मैचिंग एवं हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड पर नौकरी के विज्ञापन लगातार दो महीनों तक वृद्धि करने के बाद 5.8 प्रतिशत कम हो गए।

नौकरी के विज्ञापनों में साल-दर-साल 14.9 प्रतिशत की कमी के बाद भी वो महामारी से पहले के स्तर से 70 प्रतिशत अधिक बने रहे, जिससे मंदी के चक्र के बाद भी औपचारिक नियुक्ति की मजबूती प्रदर्शित होती है। नौकरियों के विज्ञापन जनवरी 2023 में सबसे ऊँचा स्तर छूने के बाद 21 प्रतिशत कम हो गए हैं। इन आँकड़ों से श्रम बाजार में मंदी प्रदर्शित होती है। भारत में असंगठित क्षेत्र के कार्य धीरे-धीरे से औपचारिक नौकरियों में बदल रहे हैं। इनडीड के आँकड़ों से औपचारिक अर्थव्यवस्था में नियुक्तियाँ प्रदर्शित होती हैं, जिसमें हैल्थकेयर और लॉजिस्टिक्स बढ़ते हुए सेक्टर हैं। लेकिन टेक्नोलॉजी भारत में औपचारिक नौकरी के निर्माण में मुख्य भूमिका निभा रही है। इनडीड के एशिया पैसिफिक सीनियर इकॉनॉमिस्ट, कैलम पिकरिंग ने कहा, ''जहाँ हर क्षेत्र में नियुक्तियों में मंदी है, वहीं टेक्नोलॉजी भारत में नौकरी के बाजार में मुख्य भूमिका निभा रही है। नौकरी के हर पाँच औपचारिक विज्ञापनों में से एक विज्ञापन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए है। लेकिन असली चुनौती मांग की नहीं, बल्कि इस बात की है कि क्या हमें नौकरी के लिए कुशल कार्यबल मिल सकेगा।'

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'स्वच्छता मैराथन' का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सहयोग से आज श्राष्ट्रीय खेल दिवसश के अवसर पर वसंत कुंज में श्स्वच्छता मैराथनश का आयोजन किया। कुल ३ किलोमीटर लंबी इस स्वच्छता मैराथन में सैकड़ों एनसीसी कैडेटों, फिट इंडिया के स्वयंसेवकों और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन में दिल्ली यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन के स्वच्छता सैनिकों का सक्रिय



सहयोग रहा, जिन्होंने यातायात परिवर्तन के प्रबंधन के लिए मानव श्रृंखला बनाकर सुचारू संचालन सुनिश्चित किया।

इस दौड़ को प्रिया ट्रैफिक सिग्नल के पास हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और मसूदपुर फ्लाईओवर पर इसका समापन हुआ। मैराथन की शुरुआत स्वच्छता के एक सशक्त संदेश के साथ हुई, जिसमें ष्भारत माता की जयष के नारे गूंज रहे थे, जिसने एक देशभक्तिपूर्ण और ऊर्जावान माहौल तैयार किया। पुरुष वर्ग में कैडेट अंकित राज ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में कैडेट तन्वी सिंह विजयी रहीं। शहर को स्वच्छ रखने में उनके अथक योगदान के लिए एमसीडी के स्वच्छता सैनिकों को विशेष पदक भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम का समापन स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जहाँ सभी प्रतिभागियों ने ष्भारत माता की जयष के जोशीले नारों के साथ एक बार फिर स्वच्छ दिल्ली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# क्लिनिकल ट्रायल के परिणामों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाइडस थेराप्यूटिक्स ने एपिक्स-III फेज 2(बी)/3 क्लिनिकल ट्रायल के सकारात्मक टॉपलाइन परिणामों की घोषणा की।

इस परीक्षण में सरोग्लिटाजार, एक अनुसंधानाधीन अल्फा/गामा पेरॉक्सिसोम प्रोलिफेरेटर-एक्टिवेटेड रिसेप्टर एगोनिस्ट की सुरक्षा और प्रभावकारिता का मूल्यांकन उन वयस्क रोगियों में किया गया, जिन्हें प्राथमिक पित्तीय कोलांगाइटिस था और जिन्होंने वर्तमान मानक उपचार, उर्सोडिओक्सिकोलिक एसिड, पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया दी थी या उसे सहन नहीं कर पाए थे। परीक्षण ने प्राथमिक बिंदु को प्राप्त किया, जिसमें सरोग्लिटाजार की तुलना में प्लेसीबो पर उपचारित रोगियों की तुलना में महत्वपूर्ण चिकित्सीय प्रतिक्रिया पाई गई।

इस अवसर पर जाइडस लाइफसाइंसेज के चेयरमैन, पंकज पटेल ने कहा, एपिक्स-ससस के परिणाम हमारे उस संकल्प को और मजबूत करते हैं,जिसके तहत हम दीर्घकालिक यकृत रोगों के लिए नए उपचार विकसित कर रहे हैं।

## बेकिंग व कन्फेक्शनरी अवॉर्ड्स संपन्न


**नई दिल्ली।** रिच प्रेजेंट्स हॉस्पिटैलिटी होराइजन बेकरी, पेस्ट्री एवं चॉकलेट अवॉर्ड्स 2025 के अवसर पर एक भव्य और जगमगाती शाम का साक्षी बना मुंबई। यह आयोजन नोवोटेल एयरपोर्ट, अंधेरी ईस्ट में हुआ। इस कार्यक्रम को रिच प्रोडक्ट्स द्वारा प्रस्तुत और हॉस्पिटैलिटी होराइजन मैगजीन, जो उद्योग की एक अग्रणी प्रकाशन है, ने आयोजित किया। इस अवसर पर रिच प्रोडक्ट्स इंडिया, और तुर्की के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज चतुर्वेदी ने कहा, "रिच में, हम हमेशा बेकरी और पेस्ट्रीज समुदाय को विश्वस्तरीय सामग्री और समाधानों से सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं।

# बीएलएस इंटरनेशनल को आधार सेवा केंद्रों के लिए यूआईडीएआई से कार्य आदेश मिला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार से लेकर आम लोगों को तकनीक आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली वैश्विक स्तर की अग्रणी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि उसे भारत सरकार के तहत काम करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से करीब 2,055.35 करोड़ रुपये का कार्य आदेश (वर्क ऑर्डर) मिला है। कंपनी को जिला स्तरीय आधार सेवा केंद्रों (एएसके) की स्थापना और उनके परिचालन के लिए सेवा प्रदाता के तौर पर सेवाएं प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई से ये काम मिला है। ये आधार सेवा केंद्र अपॉइंटमेंट और वॉक-इन आधारित आधार पंजीकरण, अपडेट और अन्य नागरिक-केंद्रित आधार सेवाओं के लिए मुख्य सुविधा केंद्र (फैसिलिटीज) के रूप में काम करेंगे। इससे भारत के हर नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय और सहज पहचान सेवाएं प्रदान करने के यूआईडीएआई के मिशन को और मजबूती मिलेगी। इस परियोजना (प्रोजेक्ट) के दायरे में जिला स्तर पर आधार सेवा केंद्रों की स्थापना और उनका प्रबंधन शामिल है। इस प्रोजेक्ट का पूरा परिचालन यूआईडीएआई की देखरेख में होगा। यह वर्क ऑर्डर दुनियाभर की सरकारों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के तौर पर बीएलएस इंटरनेशनल की स्थिति को और मजबूती प्रदान करता है। दुनिया के 70 से अधिक देशों में निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के मजबूत रिकॉर्ड के साथ कंपनी गवर्नेंस, वित्तीय समावेशन और नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में अपना विस्तार कर रही है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मेजर ध्यानचंद की याद में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को भराला में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की याद में युवा कल्याण विभाग मेरठ की तरफ से बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव कुमार युवा कल्याण अधिकारी ने की।

जिसमें दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे। मनिंदर विहान भराला ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। अभय मलिक 44 किग्रा स्वर्ण, अनिक बाबरा 56 किलोग्राम स्वर्ण, निर्भय मलिक 34 किलोग्राम स्वर्ण, हार्दिक विहान 54 किलोग्राम स्वर्ण, अर्पित विहान 34 किलोग्राम रजत, विराट सिवाच 28 किलोग्राम रजत, अर्जुन सिवाच 30 किलोग्राम सिल्वर, देव धनकड़ 46 किलोग्राम सिल्वर, पार्थ अहलावत 42 किलोग्राम गोल्ड, देवांश अहलावत 50 किलोग्राम सिल्वर, कार्तिक चौधरी 80 किलो गोल्ड, विशाल कसाना 70 किलो गोल्ड मेडल जीते। इस दौरान कोच प्रवीण कुमार, कोच अरुण कुमार, सोनू मलिक, बल्लू सिवाच, विवेक विहान, अंकित सिवाच व सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# तनिष्क शोरूम में लगी हीरे के गहनों की प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़रोड स्थित जनता नगर में तनिष्क द्वारा हीरे के गहनों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ एसके जैन, अभिषेक जैन, वरूण जैन, डॉ. प्रवीण जैन, डॉ. गीता जैन रामेश्वर सिंह आदि ने फीता काटकर किया। अभिषेक जैन के कहा कि उनके यहां गोल्ड ज्वैलरी के बनवाने पर 20 व डायमंड ज्वैलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह प्रदर्शनी कल तक रहेगी।

# यूथ फाउंडेशन ने किया स्पोर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर पूरे मेरठ जिले में हर तरफ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं वहीं जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में यूथ फाउंडेशन की ओर से स्पोर्ट्स कार्यक्रम हुआ। जिसमें खो-खो दौड़ प्रतियोगिता रस्साकसी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और बाल के अनुशासन 3 नेटवर्क और खेल का भावना का भी परिचय दिया।

यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और शरीर के लिए फायदेमंद है और इससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं और इसको बढ़ावा देने के लिए किया गया ताकि वे खेलों के जीवन को समझ सके और हमारे महान खिलाड़ी जैसे बन सके और अपने देश का नाम रोशन कर सके। यूथ फाउंडेशन के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान मुस्तफा राजपूत, गुलजार, वसीम, फरमान, इस्लाम, वैशाली, प्रिंसिपल कौशर जहां, पूनम और यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष आशु फरीदी भी मौजूद रहे।

# डी पॉल स्कूल में नन्ने मुन्ने बच्चों के लिए प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एनसी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए श्ब्लॉसम किड्स फेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के द्वारा किया गया। डी पॉल स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर जोशिता एवं सिस्टर जॉन्सी को कक्षा यूकेजी की छात्रा आराध्या व एलकेजी की छात्रा धाम्या ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। उसके उपरांत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चे अपने अलग-अलग पोशाकों में दिखाई दिए कोई झांसी की रानी तो कोई सरहद के जवान (फौजी) नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा भगत सिंह जैसा भेष धारण कर आए। उसके उपरांत कहानी सुनाना प्रतियोगिता, एक्शन गीत प्रतियोगिता तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।अंत में कक्षा एलकेजी की छात्रा दीप्ति के द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बूंदी पहलवान की याद में हुआ दंगल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** गांधारी तालाब सरोवर स्थित अखाड़े में बूंदी पहलवान की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ भादो पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने फीता काटकर किया नगर के गांधारी सरोवर में एक से बढ़कर एक पहलवानों ने अपने दम खम दिखाकर बाजी मारी। दंगल में गुलजार पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई। वहीं समाजसेवी जय नारायण शर्मा ने कुशल संचालन किया। विशाल दंगल के आयोजन संदीप चंपत ने सभी पहलवानों को पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। दंगल में वंश पहलवान गढी प्रिंस भूमा ने बाजी मारी। वहीं अक्षय मड़वाड़ी रोहित गढी दोनों मुकाबले में रोहित ने बाजी मारी। अंकित भूमा वेदांत गढी के बीच जमकर मुकाबला हुआ। वहीं यश भूमा वंश गढी यश विजय हुए। रामवीर पहलवान शाहपुर देवानंद भूमा, अनिल मड़वाड़ी, अर्जुन बैसला, देवांश गढी, अर्जुन बैसला ने बाजी मारी अमन मुजफ्फरनगर मेहरबान भूमा के बीच में अमन ने बाजी मारी। लवली नीम. राना देवगढ़ी के बीच में देव ने बाजी मारी वहीं दर्जनों पहलवानों ने अपना दम खम दिखाया। इस मौके पर विपिन भडाना, गुल्लू प्रधान, प्रदीप गुर्जर, संदीप चंदेल, राहुल, रामपाल, चेयरमैन शरद पवार, कामेश गुर्जर, आशीष चौधरी, हरि पहलवान, जितेश, सत्येंद्र, नरेंद्र शर्मा, रोहित प्रधान सभासद, आदेश गुर्जर, राहुल पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल लुटेरा चोरी की मोटर साइकिल के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को थाना पुलिस ने क्षेत्र में मोबाइल लुटेरा चोरी की मोटरसाइकिल सहित के साथ गिरफ्तार कर लिया और चालान कर जेल भेज दिया।

जानी थाना क्षेत्र में गौरव पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी सिंघावली अहीर बागपत के साथ एक बदमाश ने मोबाइल लूटकर घटना को अंजाम दिया था और बदमाश एक सुनसान रास्ते से फरार हो गए थे मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और लुट की घटना सही पाई हुई इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। शुक्रवार को पुलिस चैकिंग कर रही थी इस दौरान चंदोरा रजवाहे के पास एक मोटरसाइकिल एस पी यूपी 15 ई एक्स 7145 को रोका तो आरोपी मोटर साइकिल छोड़कर भागने लगा तभी पुलिस ने बल प्रयोग के चलते आरोपी को दबोच लिया पूछताछ में उसकी मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई और आरोपी के पास से दो लूटे हुए मोबाइल भी बरामद हुए जहां आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बागपत रोड पर एक बाईक सवार से दो मोबाइल लूटे थे। आरा. ेपी की पहचान उमर पुत्र खुर्शीद निवासी फतेउल्लापुर रोड थाना लोहिया नगर के रूप में हुई।

# भाकियू का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ,तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की इकाई ने मालवीय आवास गृह पर 27 अगस्त दिन बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सतीश साहू की अगुवाई में मंडल के अवाहन पर शाहजहांपुर की तहसील पुवायां के मंडी परिसर में चल रहे एक महीने से किसानों के धरना प्रदर्शन के समर्थन में घ्मुख्य मंत्री के नाम जिलाधिकारी को संबोधित 3 सुत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह को सौंपा । ज्ञापन में किसानों की तमाम समस्याएं रखी गई। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा की जनपद शाहजहांपुर थाना बण्डा के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी किसानों पर दरोगा ने मोटा पैसे लेकर षड्यंत्र कर के साथ मिलकर और थाना अध्यक्ष को गुमराह कर फर्जी मुकदमा संख्या 213/2025 दर्ज करवा दिया था और जब इस जानकारी किरण देवी के पुत्र सरबजीत वा शनी को हुई उसकी शिकायत किरण देवी के पुत्र गणों ने सीओ पुवायां को थाना दिवस में दी और जांच बाद पता चला की मुकदमा झूठा है और जिसका अभी तक कोई निस्तारण नहीं किया गया। किसान यूनियन ने मांग उठाई है की दरोगा पर कडी कानूनी कार्रवाई हो। वही ग्राम दिउहना थाना बंण्डा निवासी बाल किशन जो नेत्रहीन है एवं वृद्ध है जिनकी उम्र लगभग 75 साल है। जिसका एक लड़का गजराम था जिसकी पत्नी पिंकी ने मायके वालों के कहने पर गजराम की पत्नी ने पिता बाल किशन के मना करने पर, बाल किशन के नाम पर 2 एकड़ भूमि एवं मकान हथियाना के लिए कई बार प्रयास किया गया। लेकिन बाल किशन अपनी जान बचाने के लिए ।अपने रिश्तेदारों के यहां रहने को मजबूर है इस मामले में भी अभी तक कोई कार्रवाई दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई थी जिसके के लिए पुरे मंडल में की तर्ज पर ज्ञापन के माध्यम से अपनी सभी मांगें को रखा अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। बताते चले की ग्राम लालपुर जेवां निवासी छत्रपाल के खिलाफ थाना पुवाया पुलिस ने महेंद्र पाल सिंह की। झूठी एप्लीकेशन पर मुकदमा दर्ज कर लिया उसके बाद जानकारी होने पर जब इंस्पेक्टर एवं उच्च अधिकारियों से बात की गई तो जांच हुई जांच में इस तरह की कोई घटना नहीं पाई गई उसके बाद इंस्पेक्टर पुवाया ने कहा मैं मुकदमा खत्म कर दूंगा लेकिन अभी तक मुकदमा खत्म नहीं हुआ तत्काल मुकदमे को खत्म कराया जाए दोषी पुलिस व क्षेत्राधिकार शाहजहांपुर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। समाधान न होने पर प्रदेश व्यापी आंदोलन होगा भाकियू चढूनी इस अवसर पर यीशु दास, शरिफ, नूरुद्दीन भूदेव यादव, छेदालाल, सागर कुमार, डॉ महेंद्र पाल, गुड्डू शाह, अनमोल सिंह, सत्येंद्र यादव, मुंशीलाल, धर्मेंद्र सिंह आर्य, जसबीर सिंह, शरीफ, राम रईस यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# मेजर ध्यान चन्द का जन्म दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया गया कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी ध्यानचंद को अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। हॉकी के इस दिग्गज खिलाड़ी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के मकसद से भारत सरकार ने 2012 से इनकी जन्मतिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की थी। खेलों के महत्व को याद दिलाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2012 से यह मनाया जाता आ रहा है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य है- युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, खेलों व स्वस्थ जीवन के प्रति जागरुकता बढ़ाना, खेल भावना और एकता का संदेश देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ाना हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी रामौतार मौर्य ने छात्र छात्राओं को खेल के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विपलव भारती, क्रीड़ा प्रभारी रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गंगा में पलटी नांव, डूबने से बचे पांच श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्रजघाट में दिवंगत की अस्थियां विसर्जन के लिये आए पांच लोग नाव पलटने से गंगा में गिर गए। चीख पुकार आसपास खड़े दूसरे नावों के संच. ालकों ने पानी में कूदकर डूबते हुए लोगों को बचाया। काफी देर तक यहां पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही।

**हादसा**

**● गढ़ थाना क्षेत्र की तरफ हुआ हादसा, क्रेन से निकलवाई नाव**

जानकारी के अनुसार हरियाणा के झज्जर के रहने वाले सुनील कुमार अपनी दिवंगत मां प्रेमवती के निधन के उपरांत गंगा में उनकी अस्थियों को विसर्जित करने अपने परिवार के सदस्य रमेश, राजीव, रविंद्र व शिवम के साथ आए थे। स्थानीय पुरोहित से पूजा अर्चना कराने के बाद वे गंगा में बैठकर बीच धारा में अस्थियां विसर्जित करने जाने लगे। इस समय चूंकि गंगा में तेज बहाव चल रहा है। इस कारण पानी के तेज बहाव के कारण नाव पलट गई और उसमें सवार सभी लोग पानी में गिरकर डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर नाव चलाने वाले दूसरे लोग और स्थानीय गोताखोर पानी में कूदे और डूबते हुए लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही ब्रजघाट-गढ़ की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। क्रेन के माध्यम से गंगा में पलटी नाव को बाहर निकलवाया गया। बता दें कि ब्रजघाट में गंगा का जलस्तर अधिक होने के कारण नाव चलाने पर प्रतिबंध है। लेकिन उसके बाद भी तमाम नाविक नाव ले जाते हैं। आज भी ऐसा ही हुआ, गनीमत रही कि घाट पर घटना के दौरान अन्य नाविक और स्थानीय गोताखोर मौजूद थे, जिन्होंने तत्परता से सभी की जान बचा ली, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। गढ़ मुक्तेश्वर पुलिस ने नाविक को हिरासत में ले लिया है। घटना के चलते अफरातफरी की स्थिति बनी रही।



■ गजरौला। ब्रजघाट में नाव पलटने के बाद लगी लोगों की भीड़, मौके पर मौजूद पुलिस।

# कठिन परिश्रम करने से मिलेगा लक्ष्य

## गोल्ड मेडलिस्ट ने छात्रों को दिये सफलता के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नोगावां रोड स्थित मानव रचना द स्कूल का माहौल शुक्रवार को खास बन गया, जब राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एवं आईआईटी रुड़की के गोल्ड मेडलिस्ट ऋतुराज सिंह ने विद्यालय में शिरकत कर बच्चों को जीवन में शिक्षा और लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्रा हरगुन चौधरी द्वारा शॉल ओढ़ाकर ऋतुराज सिंह का सम्मान करने से हुई। इसके बाद विद्यालय के डायरेक्टर प्रभात त्यागी ने पुष्पमाला पहनाकर अतिथि का स्वागत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए ऋतुराज सिंह ने अपनी संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक शैक्षिक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक छोटे से कस्बे से निकलकर उन्होंने विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई और एक बड़ी कंपनी की स्थापना की। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा हर विद्यार्थी में अपार क्षमता छिपी होती है। जरूरत है सिर्फ सच्चे मन से प्रयास करने की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की और जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करें, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। उनके विचार सुनकर बच्चों के चेहरे उत्साह और प्रेरणा से चमक उठे। प्रधानाचार्य सारिका त्यागी ने विद्यालय में पधारने एवं छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए ऋतुराज सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक राजीव त्यागी, सीनू त्यागी, शोभित त्यागी, रुचि त्यागी, मीनल चौधरी, सलोनी अलुना, कपिल कुमार और निखिल कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा



# तीसरे दिन भी नहीं लगा गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का सुराग



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार की शाम को भतीजे के मुंडन संस्कार में आए गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं चला है, हालांकि स्थानीय गोताखोरों के साथ साथ पीएसी लगातार उनकी तलाश में जुटी है। गुरूवार को जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने दुख में डूबे परिजनों से मुलाकात करके उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया, साथ ही एसडीएम को गंगा में तलाश कराने के लिये टीमें बढ़ाने के निर्देश भी दिए। जानकारी के अनुसार अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के बेटे विनायक का मुंडन संस्कार होना था। परिवार के लोग बुधवार दोपहर तिगरी गंगा तट पर मुंडन संस्कार करवाने गए थे। यहां आक. ाश की पत्नी राखी, मां शशिबाला, बहन सुधा, 23 वर्षीय भाई बंटी, 25 वर्षीय ओमकार व 18 वर्षीय अनुज भी गए थे। मुंडन संस्कार के बाद परिवार के लोग वापस जाने की तैयारी करने लगे तो उन्हें बंटी, ओमकार व अनुज नहीं दिखाई दिए। परिजनों ने तलाश की तो उनके कपड़े तख्त पर रखे मिले। आशंका है तीनों भाई नहाते वक्त गंगा में डूब गए। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश कराई मगर कुछ नहीं पता चला। गुरूवार को भी दिन भर परिजन घाट पर मौजूद रहे और गोताखोर व पीएसी डूबे हुए सगे भाईयों की तलाश में जुटी रही मगर उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसी तरह परिजन शुक्रवार की सुबह को दिन निकलते घाट पर पहुंच गए और गोताखोर और पीएसी ने भी तलाश शुरू की मगर उनका कुछ पता नहीं चला। बता दें कि इस समय गंगा का पानी काफी ज्यादा चल रहा है। गहराई भी ज्यादा है और गंगा के पानी का तेज वेग मिट्टी का कटान भी कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि डूबे हुए भाईयों की लगातार तलाश कराई जा रही है मगर अभी कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं तीनों भाइयों की मां शशिबाला व पिता रामपाल से पूर्व मंत्री व बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने भी बातचीत की, उनका मनोबल बढ़ाया। वहीं लगातार तीन दिन तक गंगा में डूबे हुए तीन सगे भाईयों का सुराग नहीं मिलने के कारण परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मां शशिबाला और पिता रामपाल समेत परिवार के सदस्य और मौहल्ले के लोग भी काफी दुखी हैं।

# धन मनुष्य को बनाता है अहंकारी

**मंडी धनौरा।** पावन भाद्रपद माह में मनाए जा रहे दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन शास्त्री दीपक जैन ने उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि धन, ऐश्वर्य और परिग्रह मनुष्य को अहंकारी बना देते हैं, जबकि जैन दर्शन सिखाता है कि ये सब नश्वर हैं। शास्त्री जैन ने कहा कि अहंकार और अभिमान त्याग कर विनम्रता अपनाना ही सच्चा धर्म है। सभी जीवों के प्रति मैत्रीभाव रखना चाहिए क्योंकि प्रत्येक प्राणी को जीवन का अधिकार है। मार्दव धर्म आत्मा की सही वृत्ति को समझने और मोक्ष की ओर बढ़ने का मार्ग है। उन्होंने साधकों से आह्वान किया कि परिग्रह का त्याग कर तप और साधना के मार्ग पर चलें, क्योंकि परमशांति और मुक्ति का यही एकमात्र साधन है।

# पुलिस ने पकड़ा 1.82 क्विंटल गांजा

## तीन तस्कर गिरफ्तार, उड़ीसा से लाते थे, आंकी गई 40 लाख कीमत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस व स्वॉट-2 टीम ने संयुक्त आपरेशन के दौरान गांजा तस्करी करने वाले 03 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 01 क्विंटल 82 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है। ये तस्करी का मॉल कैंटर से लाते ले जाते थे। इनके नाम अजय कुमार, नीरज वत्स उर्फ नीरू और हिमांशु जाटव है। इनकी गिरफ्तारी निम्मी विहार पुश्ते से कुलेसरा की तरफ नलकूप के पास से की गई।



**नशे के आदी लोगों को बेचते थे गांजा:** डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ये तीनों एनसीआर क्षेत्र में घूम फिरकर नशे के आदी लोगों को गांजा बेचकर पैसा कमाते है। ये तीनों सोनू उर्फ मौहम्मद सादाब व जेपी नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर अवैध गांजे को कटक उड़ीसा से सस्ते दामों पर यहां लाते है।

आइसर कैंटर में बोरे में पैकेटों में छिपाकर दिल्ली एनसीआर में ये गांजा लाते है। जिससे किसी को शक न हो और पकड़े न जा सके। पकड़े जाने के डर से आपस में वॉट्सऐप कॉल से बात करते है। ताकी पुलिस इनको ट्रैक न कर सके।

**रेल मार्ग से लाते थे गांजा:** उड़ीसा से गांजा लाने के लिए प्राइवेट वाहन व रेलमार्ग का प्रयोग करते है। एनसीआर के पास से छोटे स्टेशन पर ये उतरते है। ताकि इनको पकड़ा न जा सके। इसके बाद एनसीआर में सप्लाई करते है। ये लोग कॉलेज, पीजी और अन्य स्थानों पर ऑन डिमांड गांजा और घूम-घूम कर भी गांजा की सप्लाई करते है। फरार हो तस्करों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके लिए टीम लगाकर ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट सख्त

■ **बीटा-2 थाना को जीरो एफआईआर दर्ज करने का आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम गौतमबुद्धनगर की न्यायालय ने बीटा-2 थानाध्यक्ष को जीरो एफआईआर दर्ज कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह में अदालत में प्रस्तुत करने के आदेश दिया है। साथ ही केस की विवेचना थाना विभूति खंड लखनऊ पुलिस को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। जहां पहले से इस मामले में मुक. दमा दर्ज है।

अधिवक्ता व समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव रामशरण नागर ने प्रार्थना पत्र दाखिल कर आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2025 की सुबह एक टीवी चौनल पर मुस्लिम स्कॉलर व ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष बताए जाने वाले मौलाना साजिद रसीदी का वीडियो प्रसारित हुआ।

जिसमें उन्होंने डिंपल यादव को लेकर आपत्तिजनक व अपमान. जनक टिप्पणी की। उस वक्त उनके साथ कई अधिवक्ता और परिचित मौजूद थे। जिन्होंने इस टिप्पणी पर गहरा आक्रोश जताया। इस तरह के बयान से न केवल एक महिला सांसद का अपमान हुआ। बल्कि देशभर की करोड़ों महिलाओं की गरिमा भी आहत हुई। इस टिप्पणी से साम्प्रदायिक तनाव फैलने और शांति व्यवस्था भंग होने का खतरा भी पैदा हो गया था।

पहले बीटा-2 कोतवाली और बाद में पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पाया कि लखनऊ के थाना विभूति खंड में पहले से ही इस विषय पर मुकदमा दर्ज है। बावजूद इसके कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय मामला बनता है। जिसकी सत्यता विवेचना से स्पष्ट होगी। इसलिए अदालत ने बीटा-2 थानाध्यक्ष को आदेशित किया कि रिपोर्ट को जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज कर नियमानुसार विवेचना कर लखनऊ पुलिस को ट्रांसफर करें।

# दो लोगों के लाखों के जेवर और नकदी गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के दो थाना क्षेत्रों में चोरी की बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, जहां अज्ञात बदमाशों ने दो घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 का है। यहां रहने वाली वैशाली, पुत्री सुखदेव, 27 अगस्त को अपने परिजनों से मिलने गाजियाबाद के कनवानी गई थीं। जब 28 अगस्त को वह घर लौटीं, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर रखे सोने की अंगूठी, सोने की चेन, डायमंड पेंडेंट, चांदी की पाजेब, एक सोने का पेंडेंट, एलईडी टीवी और 30 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे। वैशाली की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दूसरा मामला सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के अगाहपुर गांव का है। यहां रहने वाले राज राणा, पुत्र बहादुर, जो विक्की मुखिया के मकान में किराये पर रहते हैं, उनके घर का भी ताला तोड़कर 3 लाख 50 हजार रुपये नकद और लाखों के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। पुलिस ने इस मामले में भी अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों मामलों में सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# एनसीआर के तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 10 मोटरसाइकिल व एक अवैध चाकू बरामद किया गया।

दो बदमाशों की गिरफ्तारी सेक्टर-62 एनआईबी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछताछ की गई तो इनके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर जयपुरिया चौराहे के पास पार्क से बाइक बरामद की गई। इनके खिलाफ दिल्ली और नोएडा में मुकदमा दर्ज है।



**एनसीआर में दर्ज है मुकदमे:** डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया तीनों मिलकर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली से बाइक चोरी करते। इसके बाद पार्टस को अलग करके कबाड़ियों को बेच देते है। ये एक संगठित गिरोह है। इनके नाम अफजल , अफरीद और आस मोहम्मद है। ये तीनों महज भीड़ भाड़ इलाके कामर्शियल कांप्लेक्स, मॉल सेक्टर और अन्य स्थानों पर रैकी करते है। इसके बाद कुछ ही सेकेंड में लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर लेते है।

**वायर के बीच कराते थे शॉट सर्किट:** उन्होंने बताया कि दो तरीके से चोरी कर घटना करते थे। यदि बाइक पर इलेक्ट्रानिक लॉक लगा है तो वायर के बीच शॉट सर्किट करके लॉक खोलते है। यदि लॉक मैनुअल है तो उसे तोड़ देते है। जिसके बाद बाइक को बताए गए स्थान पर छिपा देते थे। इसके बाद वहां से बाइक आस मोहम्मद के पास ले जाते थे। आस कबाड़ी का काम करता है। यहां बाइक को पार्टस निकालकर ऑन डिमांड बेचते थे। ये तीनों ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है।

## एक नजर

### गणपति नृत्य महोत्सव 31 को

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के मेट्रो डिपो स्टेशन के पास रॉयल स्पून पार्टी लॉन जुनपत में रविवार को रॉयल स्पून की ओर से गणपति नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों और परिवारों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एक साथ जोड़ना और गणपति उत्सव की परंपरा को और अधिक जीवंत बनाना है। इसमें लाइव म्यूजिक और नृत्य प्रस्तुति समेत अन्य मनोरंजक गतिविधियां प्रमुख आकर्षण होंगी।

### नशे के खिलाफ जागरूक किया

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विकास ग्लोबल स्कूल बिष्णुली में दौड़ प्रतियोगिता और नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर और बादलपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रधान ने असली जीत मैदान में मेहनत और अनुशासन से मिलती है, न कि नशे से।

### यमुना का जलस्तर तीसरी बार बढ़ा



**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। गुरुवार शाम से हथिनी कुंड से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यह इस वर्ष दो सप्ताह में तीसरी बार है जब नदी का जलस्तर बढ़ा है।

पिछली बार की बाढ़ में शमशम नगर, कानीगढ़ी, पूरन नगर, झुप्पा सहित करीब 10 गांवों की फसलें जलमग्न हो गई थीं। किसानों को भारी नुकसान हुआ था। तहसील प्रशासन ने बाढ़ चौकियां बनाकर निगरानी की थी। करीब एक सप्ताह पहले बारिश कम होने से जलस्तर घटा था। इससे किसानों और प्रशासन को राहत मिली थी। लेकिन अब फिर से बारिश शुरू होने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। इससे पहले इतना जलस्तर दो साल पहले 2023 में देखा गया था। तहसील प्रशासन ने फिर से अलर्ट जारी कर दिया है। बाढ़ चौकियों से जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। ग्रामीण अपनी फसलों के जलमग्न होने की आशंका से परेशान हैं।

### सोसाइटी में सुविधा न मिलने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बुलंद एलीवेट सोसाइटी में लोगों को सुविधाएं न मिलने के कारण परेशानी हो रही है। उनके आरोप है कि सोसाइटी में क्लब हाउस व पार्किंग बनाकर बिल्डर द्वारा नहीं दिया गया है, जिसको लेकर कई बार मांग भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले हरदम व जितेंद्र ने बताया कि परिसर में अभी एक टावर में ही लोग रह रहे हैं, जिसमें करीब 120 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर द्वारा आधी अधूरी सुविधाओं के साथ लोगों को हैंडोवर दिया गया है। सोसाइटी परिसर में क्लब हाउस का निर्माण नहीं किया गया है।

पार्क की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोग अपने घर में ही रह जाते हैं, उनके पास बाहर बैठने या टहलने के लिए कोई स्थान नहीं है। साथ ही, पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। बेसमेंट का कार्य अभी अधूरा है। लोग बाहर खुले में ही अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा करते हैं, जिससे कई बार आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। साथ ही सोसाइटी का रास्ता भी ठीक रूप से नहीं बना है। कई जगह से टूटा हुआ है। ऐसे में लोगों को दिक्कत होती है। इन सभी समस्याओं को लेकर कई बार बिल्डर प्रबंधन से मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। साथ ही, लोगों द्वारा शासन प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई गई है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन की तरफ से मैनेजर हरिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# शराब लाने से मना करने पर दबंग मकान मालिक ने युवक को छत से दिया धक्का

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में देर रात को जब एक मकान मालिक को शराब पीने की इच्छा हुई तो उसने किरायेदार के बेटे से शराब खरीदकर लाने के लिए कहा। जब युवक ने शराब लाने से मना कर दिया तो दबंग मकान मालिक और उसके अन्य साथियों ने युवक से मारपीट कर छत से धक्का दे दिया। इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई है। इस मामले में थाना सेक्टर-39 में एक व्यक्ति ने मकान मालिक समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजेश कुमार ने

थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सदरपुर कॉलोनी में रहता हैं।



पीड़ित के अनुसार उसके बेटे शिवम से उसके मकान मालिक लोकेश ने बीते दिनों रात 10 बजे के करीब शराब लाने के लिए बोला। उसने शराब लाने से मना कर दिया, तो मकान मालिक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा छत से शिवम को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के अनुसार उसने बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार वह अपने बेटे का उपचार करवाने में व्यस्त रहा। जब उसका बेटा कुछ ठीक हुआ तो उसने उक्त घटना के संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों ने जेबीएम यूनिवर्सिटी में किया प्रदर्शन

■ **अवैध जल दोहन के खिलाफ सभी समर पंप बंद करवाए, आंदोलन की चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने जेबीएम यूनिवर्सिटी में अवैध जल दोहन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पप्पू नागर की अध्यक्षता में धरना आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यूनियन की टीम ने शुक्रवार दोपहर यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि यूनिवर्सिटी में समर पंप से लगातार जल दोहन हो रहा था। पदाधिकारियों ने मौके पर सर्वे कर अवैध रूप से चल रहे सभी पंप तत्काल बंद करवा दिए।

प्रदर्शन में ठाकुर सुनील भाटी, विभांशु चौधरी, सताकत मास्टर, वकील अहमद, सहीद और जाबिद भाटी समेत कई किसान नेता मौजूद थे। साकिर भाटी, धर्मवीर सिंह, राजन सिंह, सोनू गौड़, कपिल भाटी, ओमपाल भाटी और शैलेश कुमार के साथ सैकड़ों किसान भी शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने स्पष्ट किया है कि यदि यूनिवर्सिटी में अवैध जल दोहन की गतिविधियां नहीं रुकीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** जेपी अमन सोसाइटी के पास कार की टक्कर लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल उसके दोस्त का इलाज चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी मानिक दास ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ कोंडली बांगर गांव में रहते हैं। उनका भतीजा सागर दास 15 अगस्त के दिन अपने एक दोस्त भोला के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। रास्ते में जेपी अमन सोसाइटी के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। उनको पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद सागर को दिल्ली रेफर कर दिया गया।

# निक्की हत्याकांड में परिजनों को मिला आश्वासन

■ **नोएडा पुलिस कमिश्नर बोलीं- जल्द दाखिल होगी चार्जशीट, फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में निक्की हत्याकांड मामले में नई प्रगति हुई है। पीड़ित परिवार ने नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया।

पुलिस कमिश्नर ने परिजनों से कहा कि जल्द ही इस मामले में



कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। निक्की के पिता भिखारी सिंह ने कहा कि वे न्याय मिलने तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। निक्की के ससुराल वालों पर दहेज के लिए निक्की को जलाकर मारने का आरा. ेप है ।21 अगस्त को इस घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस इस मामले में निक्की के पति सहित उसके ससुर सास और जेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# साइबर अपराधियों ने रिटायर्ड इंजीनियर से ठगे 9.63 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक सरकारी संस्थान से सेवानिवृत्ति इंजीनियर का क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर उससे 9.63 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज का साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सेवानिवृत्ति इंजीनियर जगतपाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है वह अमेरिकन एक्सप्रेस का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। बीते 8 जुलाई को इंस्टाग्राम पर कार्ड अपडेट करने संबंधित विज्ञापन देखा। इस पर एक लिंक था। कार्ड अपडेट करने के लिए पीड़ित द्वारा लिंक पर क्लिक किया। एक दो स्टेप में कुछ जानकारी मांगी गई। पीड़ित ने उस जानकारी को अपडेट कर दिया।

इसके बाद लिंक बंद हो गया। अगले दिन उनके पास एक शख्स का फोन आया और उसने बैंक का कर्मी बनकर बात की। उक्त शख्स ने क्रेडिट कार्ड का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक भेजा। इंजीनियर ने ठग के बताने पर फॉर्म भर दिया। ठग ने तत्कालीन दिक्कत आने की बात कहकर कई बार आवेदन भरवाया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी 13 सितंबर 2025 को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम वाद, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के वाद, दीवानी वाद, एम0वी0एक्ट व ई-चालान के वाद, आर्बिटेशन के वाद, लघु शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धी मामले, पेंशन के मामले व अन्य प्रकृति के मामले एवं प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण के मामलें, विद्युत एवं बी0एस0एन0एल0 बिल सम्बन्धित अन्य मामलों का निस्तारण आपसी सहमति व समझौते के माध्यम से किया जायेगा।

आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक विभिन्न वादों का निस्तारण समझौतों के आधार पर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के माननीय जनपद न्यायधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह ने आज जजी के सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों की बैठक करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारीगण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं इस अवसर पर अधिक से अधिक सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण करते हुए जन सामान्य को लाभ पहुंचाने हेतु सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर तैयारी सुनिश्चित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों का चिन्हीकरण करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकार एवं माननीय न्यायालय के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आम नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

# आज नोएडा शहर में डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में शनिवार 30 अगस्त 2025 को ट्रैफिक, आंशिक तौर पर डायवर्ट रखा जाएगा। नोएडा शहर में ट्रैफिक को डायवर्ट रखने का कारण यह है कि शनिवार को नोएडा शहर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम है। नोएडा में टटप्च के कार्यक्रम के कारण नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने नोएडा शहर में शनिवार को कुछ रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट करने का फैसला किया है। ट्रैफिक डायवर्जन करने का यह फैसला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सुरक्षा को लेकर किया गया है।

नोएडा शहर के लिए शनिवार 30 अगस्त 2025 का दिन बेहद खास दिन है। शनिवार को नोएडा में योगी-योगी का नारा गूंजता हुआ सुनाई पड़ेगा। नोएडा में योगी-योगी का नारा गूंजने का कारण बहुत ही खास है। दरअसल शनिवार को उत्तर



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा का दौरा करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नोएडा आगमन के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। नोएडा कमिश्नरी पुलिस, नोएडा प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के नोएडा के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा हुआ है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस बार नोएडा शहर का दौरा बेहद खास दौरा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा दौरे के दौरान एक खास कंपनी के कार्यक्रम में भाग लेंगे। आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-80 में राफे एमफाइबर प्रा.लि. नाम की कंपनी स्थापित है। नोएडा शहर की यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हथियार बनाने का काम करती है। सेना के लिए हथियार बनाने वाली नोएडा की कंपनी ने शनिवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन करने की घोषणा की है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के ब्ड योगी नोएडा क्षेत्र के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं भी कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आएंगे नोएडा:** आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नोएडा दौरे के दौरान भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी उनके साथ होंगे। राजनाथ सिंह सीधे दिल्ली से नोएडा आएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से हवाई मार्ग के द्वारा गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर उतरकर हैलीकाप्टर के द्वारा नोएडा आएंगे। दोनों बड़े नेताओं के नोएडा आगमन के लिए नोएडा पुलिस ने सुरक्षा की भारी व्यवस्था करने का फैसला किया है।

**नोएडा में मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे 2500 पुलिस वाले:** नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह नोएडा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की खुद देखभाल कर रही हैं। नोएडा पुलिस कमिश्नरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 2500 पुलिस वालों की तैनाती कर दी है। इस दौरान नोएडा कमिश्नरी पुलिस ने नोएडा शहर में हाईअलर्ट घोषित कर दिया है।

# आज राजकीय आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेले का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा, गौतम बुद्ध नगर के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह ने बताया कि हाई स्कूल एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु 30 अगस्त 2025 को राजकीय आईटीआई, सेक्टर-31, निठारी, नोएडा में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी तथा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्रतिभाग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले अप्रेंटिसशिप मेले में जनपद गौतम बुद्ध नगर में स्थित नामी-गिरामी कंपनियां भी उपस्थित रहेंगी। अभ्यर्थियों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अप्रेंटिसशिप करने के इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गंगानगर क्षेत्र में जल भराव के कारण नागरिकों में फैला रोष

## बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, खोखले निकले अधिकारियों के दावे

■ क्षेत्र में तीन से चार फुट भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** शुक्रवार को मेरठ में झमाझम बारिश से जहां एक तरफ मौसम सुहाना हो गया। वहीं शहर के निचले इलाकों में जलभराव के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। कई स्थानों पर नाले और नालियों का पानी सड़कों पर आने से गंदगी भी पसर गई।

शुक्रवार को हुई बारिश ने नगर निगम मेरठ की पोल एक बार फिर खोल दी निगम अधिकारियों और महापौर ने जो बड़े-बड़े दावे किए थे वे सभी खोखले निकले।

भारी बारिश से जहां शहर के अधिकांश क्षेत्र जलमग्न दिखाई दिए वहीं स्वयं नगर निगम परिसर भी इससे अछूता नहीं रहा नगर निगम परिसर में भी पानी भरने से आम जनता को बहुत परेशानी उठानी पड़ी।

भारी बारिश से मवाना रोड पर स्थित गंगानगर में भी आम जनता को जलभराव के कारण बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा यूं तो गंगानगर क्षेत्र मेरठ कि वीआईपी कॉलोनी मानी जाती है यहां उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक से लेकर मेरठ के प्रथम नागरिक का भी निवास है। परंतु बड़े गणमान्य व्यक्तियों के निवास के बावजूद भी यहां जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है और थोड़ी बारिश से यहां कई कई फुट पानी सड़कों पर भर जाता है।

जल भराव की समस्या को लेकर शाह टाइम संवाददाता ने शुक्रवार को गंगानगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जहां नागरिकों ने अपनी समस्या बताई।





### गंगानगर ए ब्लॉक

गंगानगर ए ब्लॉक के रहने वाले आलोक भारद्वाज ने बताया कि भारी बारिश के कारण जहां सड़क पर तो पानी भर हीगया था वहीं घर के अंदर भी पानी आने से गंदगी फैल गई। आलोक भारद्वाज ने कहा कि सड़क तो बनी हुई है परंतु पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है

### गंगानगर एसपी पॉकेट

गंगानगर के एफपी पॉकेट में रहने वाले ओंकार नाथ दुबे, विजय कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, मनोज कुमार चौहान, धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों पर एवं पार्क में बहुत पानी भर गया जिससे बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है बार-बार शिकायत करने पर भी ना तो महापौर और ना ही पार्षद इस तरह ध्यान देते हैं।

### गंगानगर जीपी ब्लॉक एयरटेल ऑफिस के पीछे का क्षेत्र

खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा विनोद खटीक ने बताया कि गंगानगर एयरटेल ऑफिस के पीछे का क्षेत्र बारिश के कारण जल मग्न हो गया है। विनोद खटीक ने आरोप लगाया के टैक्स देने के बावजूद भी कोई सुविधा नगर निगम के द्वारा नहीं मिल रही है। विनोद खटीक में बताया कि यहां नालियों पर एयरटेल के बड़े जनरेटर रखे हुए हैं जिस कारण सफ़ाई नहीं हो पाती परंतु इस तरफ निगम का ध्यान नहीं जा रहा।

### मीनाक्षीपुरम क्षेत्र

मीनाक्षीपुरम के रहने वाले ओमवीर सिंह राठी और शिव कुमार ने बताया कि पास की अनऑथराइज्ड कॉलोनी का पानी मीनाक्षीपुरम में भर जाता है जिसके कारण यहां रहने वालों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पार्षद कहिन

वार्ड 20 के पार्षद पिता एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव ने कहा कि नगर निगम के पंपों के द्वारा जलमग्न क्षेत्रों में से पानी निकलवा दिया गया। नरेंद्र यादव ने बताया कि मवाना रोड पर कसेरुखेड़ा नाले के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है वहां संबंधित विभाग ने पानी रोक रखा है चार में से केवल दो लाइन चल रही हैं जिसके कारण नाला ओवर फ्लोर हो गया और जल भराव की समस्या आई।

वार्ड 33 के पार्षद पति भरत शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण जलभराव हो गया था, निगम के पंपों के द्वारा पानी निकाल दिया गया है। भरत शर्मा ने कहा कि यदि सभी सड़कें अतिक्रमणमुक्त हो जाएं तो जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

# मेजर ध्यानचंद को नहीं मिल पा रहा समुचित सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कहने को तो शुक्रवार से मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है। होने को तो यह जनपद के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है लेकिन वास्तविकता यही है कि हॉकी के जादूगर को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह मिल ही नहीं पा रहा है। मेरठ में वह पढ़े, बढ़े, जीआईसी के मैदान में हॉकी खेलनी सीखी लेकिन मेरठ में ही उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाता जो मिलना चाहिए सिर्फ एक रस्म अदायगी ही होकर रह जाती है। अगर संविधान संशोधन करके सचिन को भारत रत्न दिया जा सकता है तो मेजर ध्यानचंद को क्यों नहीं। राष्ट्रवादियों की सरकार है उन्हें इस पर विचार करना चाहिए।

# कस्बा लावड़ के जैद कुरैशी ने जीता 'मिस्टर किंग इंडिया यूनिवर्स' का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मेरठ के कदंबा रिसॉर्ट में आयोजित एक मॉडलिंग प्रतियोगिता में कस्बा लावड़ निवासी जैद कुरैशी ने 'मिस्टर किंग इंडिया यूनिवर्स' का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर अपने परिवार और कस्बे के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में दूर दराज से आए मॉडल्स ने हिस्सा लिया था, जिसमें जैद ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से सबको पीछे छोड़ दिया। इस शानदार आयोजन के दौरान, कलर्स टीवी चैनल के मशहूर सीरियल की अभिनेत्री काजल चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। उन्होंने ही जैद कुरैशी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जैद की इस उपलब्धि से पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है। उनके प्रशंसक और स्थानीय लोग इस जीत को एक बड़ी सफलता मान रहे हैं, जो युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। जैद कुरैशी की इस शानदार जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि गांव और कस्बे के युवा भी बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकते हैं।



# डीपीएम पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित डीपीएम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र की जयंती पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: सभा में मेजर ध्यानचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद पूरे विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का सिलसिला प्रारंभ हुआ। आयोजित प्रतियोगिताएं कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. तक जम्पिंग रेस एवं फ्रॉग रेस, कक्षा 1 से 5 तक जम्पिंग रेस, शॉर्ट रेस, सैक रेस विद्यालय का खेल मैदान बच्चों की तालियों, हौसले और उत्साह से गूंजता रहा। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लेकर यह सिद्ध किया कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं।



कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा खेल मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल हमें अनुशासन, एकता और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं। आज के बच्चे ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं और यदि वे खेलों में भी आगे बढ़ेंगे तो देश का नाम विश्व स्तर पर अवश्य रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है बल्कि जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व विकास का संस्थान है। खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मेजर ध्यानचंद्र जैसे खिलाड़ी हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस मौके पर सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

# धूमधाम से मनाया हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस

## कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खेल निदेशालय उ.प्र., खेल भवन लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस (29 अगस्त) को कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम मेरठ में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रात: स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में सोमेन्द्र तोमर राज्य मंत्री ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग उ.प्र. एवं सांसद अरुण गोविल के प्रतिनिधि दीपक का स्वागत जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी मेरठ द्वारा बैच लगाकर एवं शाल पहनाकर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल का स्वागत नेहा कश्यप जूडो प्रशिक्षिका द्वारा बैच एवं बुके देकर किया गया। खेल दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसमे बड़ी संख्या मे जनपद के खिलाड़ी भी उपस्थित रहे। शुक्रवार को 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसडी सदर मेरठ एवं सीएवी इण्डर कॉलेज ए मेरठ के मध्य खेला गया। जिसमे सीएवी इण्टर कालेज ए मेरठ ने 04-01 से विजेता प्राप्त की। सीएवी इण्टर कालेज की ओर से आयुष, दीपक, रोहन एवं अंश ने 01-01 गौल किया एवं एसडी सदर मेरठ की ओर से राघव ने 01 गोल किया।

इस प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण अमित अग्रवाल, विधायक मेरठ कैंट द्वारा किया गया। क्षेत्रीय कीडाधिकारी जितेन्द्र यादव द्वारा विधायक को बैच लगाकर एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। सुनील कुमार सिंह परियोजना निदेशक को रामचन्द्र उपक्रीडाधिकारी द्वारा बैच लगाकर एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया। विधायक द्वारा सभी खिलाड़ियों, विजेता/उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दी गईं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

प्रतियोगिता को सफल बनाये जाने की भूमिका में प्रदीप चनौटी, सचिय हॉकी जिला सघ मेरठ, प्रवीण शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, रजनीश कोशल हॉकी अध्यक्ष मेरठ संघ, शिवानी शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी अम्पायर, तजुमूल जैदी, अहसान उलहक, नरेन्द्र कुमार, संदीप चौधरी, भूपेश कुमार, कुलविन्दर सिंह रहे। इस अवसर पर राजाराम सेवानिवृत्त क्रीडाधिकारी, रामचन्द्र, उपकीडाधिकारी अब्दुल अहद, उक्रीडाधिकारी प्रवीण शर्मा अर्न्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, सतीश कुमार यादव, ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी छात्रावास बॉक्सिंग प्रशिक्षक, ललित पंत, फुटबॉल प्रशिक्षक, संदीप, भारोत्तोलन प्रशिक्षक, अभिषेक द्विवेदी, बॉक्सिंग प्रशिक्षक, निर्मला देवी, जिम्नास्टिक प्रशिक्षिका, नेहा कश्यप, वुशू प्रशिक्षिका, अप्सरा, शूटिंग प्रशिक्षिका, पूजा सिंह, तीरंदाजी प्रशिक्षिका, जगपाल प्रधान सहायक, एवं विनीत कुमार व समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# जर्जर खंभों को बदलवाने के लिए लावड़ चेयरपर्सन पति ने जई के साथ किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने कस्बे में जर्जर हालत में हो रहे बिजली के खंभों को लेकर जई सूरज सिंह के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने जेई से कस्बे में जर्जर हो रहे खंभों को बदलवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में इन जर्जर हो रहे खंभों से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए इन्हें तत्काल बदलवाना चाहिए। इस दौरान जेई सूरज सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बिना देर किए संबंधित कर्मचारी एवं ठेकेदारों को खंबे बदलवाने के निर्देश दिए।

# मुखिया गुर्जर ने कब्रिस्तान की जमीन को कब्जाने के मुकदमे को बताया फर्जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** सपा नेता व पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने अपने ऊपर लगाए गए कब्रिस्तान की जमीन को कब्जाने के मुकदमे को फर्जी बताया है। मुखिया गुर्जर ने भाजपा के एक नेता पर उनकी राजनीतिक छवि खराब करने का आरोप लगाया है।



सपा नेता मुखिया गुर्जर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वह आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में मेरठ दक्षिण से प्रबल दावेदार हैं जिससे वह गांव गांव जाकर लोगों से अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं जो कुछ लोगों को हजम नहीं हो रही है इसी के तहत उनके ऊपर झूठा कब्रिस्तान की जमीन कबजाने का मुकदमा दर्ज करा है तथा सम्राट मिहिर भोज की जयंती से एक दिन पहले ही उनकी गिरफ्तारी की गई जहां उन्हें उसी दिन जमानत मिल गई थी। कब्रिस्तान की जमीन की पैमाइश राजस्व विभाग की टीम द्वारा दो-तीन बार की जा चुकी है जिसमें सड़क के दूसरी तरफ कब्रिस्तान में जमीन बढ़ी हुई पाई गई है वह इस तरफ भी करीब 160 गज जमीन मिली है जिसे वे देने के लिए तैयार हैं। उनका कब्रिस्तान की जमीन से कोई विवाद नहीं है उनकी छवि को धूमिल करने का कुछ लोग काम कर रहे हैं।

# छात्रों को सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा संचालित पूर्व निर्धारित रिवाइज्ड व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कालंद में सिक्योरिटी ट्रेड के छात्रों के लिए एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। व्यावसायिक शिक्षिका शर्मिला सिंह ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के व्याख्यान आयोजित कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन इंडस प्राईवेट लिमिटेड के राज्य समन्वयक इमरान खान के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम में दिशा पब्लिक स्कूल, दौराला के मार्शल आर्ट ट्रेनर नागेंद्र सिंह ने छात्रों को आत्मरक्षा की बारीकियों से अवगत कराया। इस



दौरान छात्रों को विभिन्न मार्शल आर्ट तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या ऐमन ने किया।

# ग्राम नवाबगढ़ी में विवाहिता को पति ने दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नवाबगढ़ी गांव में एक विवाहिता को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। इससे पूर्व आरोपी ने विवाहिता के साथ मारपीट की और गला घोंटकर उसकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। नवाबगढ़ी निवासी फरहाना ने बताया कि उसकी शादी करीब 10 वर्ष पूर्व नई बस्ती कालंद रोड निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति व अन्य ससुराल वाले लगातार उत्पीड़ित कर रहे थे। करीब एक वर्ष पूर्व उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। तब से ही वो मायके में रह रही है। आरोप है कि गुरुवार शाम वह अपने मायके में थी। तभी उसका पति वहां आया और उसे साथ नहीं रखेने की धमकी दी। विरोध करने पर पति ने सके साथ मारपीट की और गले में पड़ी चुन्नी से गला दबा दिया। शोर मचाने पर परिजन आए तो आरोपी उसे तीन तलाक देकर वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।

# बच्चे आपके संस्कार किसके? हिंदी संस्करण का भव्य लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/नई दिल्ली।** शोभित विश्वविद्यालय और इंफिनिटी फाऊंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र प्रगति मैदान नई दिल्ली में प्रसिद्ध चिंतक एवं अंतर्राष्ट्रीय लेखक राजीव मल्होत्रा और शह लेखिका विजय विश्वनाथन की चर्चित कृति हूं रेसिंग योर चिल्ड्रन के हिंदी अनुवाद 'बच्चे आपके संस्कार किसके' का भव्य लोकार्पण हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने की। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि बच्चों को गढ़ने का कार्य कौन कर रहा है - माता-पिता और शिक्षक या फिर वैश्विक मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और उपभोक्तावादी प्रवृत्तियां? महाभारत के अभिमन्यु की तरह हमारे बच्चे ज्ञान और तकनीक के चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो जानते हैं परंतु बाहर निकलने का मार्गदर्शन उनके पास नहीं है। शिक्षा केवल तभी सार्थक है जब वह संस्कारों से जुड़ी हो।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इस चुनौती का साहसिक उत्तर बताते हुए कहा कि यह मातृभाषा, मूल्य आधारित शिक्षा और समग्र विकास पर बल देती है। शोभित विवि सदैव एजुकेशन विद परपज की परंपरा पर चलता आया है और यह पुस्तक इस उद्देश्य को प्रतिध्वनित करती है।





लेखक राजीव मल्होत्रा जो 3 दशकों से भारतीय दृष्टि से वैश्विक विमर्श को चुनौती देते आ रहे हैं ने अपने वक्तव्य में कहा आज का सबसे बड़ा संकट यह है की माता-पिता ने यह मान लिया है कि बच्चों का निर्माण केवल विद्यालय करेंगे। परंतु विद्यालय भी अब वैश्विक बाजारवादी सोच और उपभोक्तावादी मानको से संचालित हो रहे हैं। बच्चों का मन आज का सबसे बड़ा युद्ध क्षेत्र है।

यह युद्ध केवल केवल राष्ट्र के निर्माण नहीं बल्कि विचारधाराओं के बीच है। एक अदृश्य तंत्र जिसे हम दीप स्टेट कह सकते हैं- वैश्विक मीडिया, डिजिटल एल्गोरिथम, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विदेशी पाठ्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी के मानस को नियंत्रित कर रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को केवल वैश्विक उपभोक्ता बनाना है ना कि अपनी जड़ों से जुड़े नागरिक।

यदि भारत अपनी शिक्षा और संस्कारों के प्रति सजक नहीं हुआ तो हमारी नई पीढ़ी आर्थिक रूप से सक्षम लेकिन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से पराधीन हो जाएगी यह पुस्तक हर माता-पिता हर शिक्षक और हर नीति निर्माता से प्रश्न पूछता है कि आप अपनी संतान की सोच और भविष्य को किसके हाथों में सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे आपके संस्कार किसके केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि एक घोषणा पत्र है- संस्कार, पहचान और स्वतंत्रता की रक्षा का।

शह लेखिका विजय विश्वनाथन ने कहा कि बच्चे आज सबसे अधिक समय स्क्रीन पर बिताते हैं। यह पुस्तक अभिभावकों को पुन: यह सोचने पर मजबूर करेगी कि वह बच्चों से संवाद कैसे जीवित करें और उन्हें अपनी परंपरा से कैसे जोड़े। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि यदि बच्चे अपनी जड़ों से कटेंगे तो राष्ट्र का भविष्य भी असुरक्षित होगा। राष्ट्र निर्माण घर और परिवार से ही शुरू होता है।

न्याय मूर्ति राजेश टंडन पूर्व न्यायाधीश उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कहा कि न्याय का आधार केवल कानून नहीं बल्कि संस्कारिक नागरिक है यदि बच्चों में सत्य निष्ठा और नैतिकता बचपन से डाली जाए तो अपराध स्वत: कम हो जाएंगे।

अनुराग शर्मा हिंदी संपादक ने कहा कि हिंदी अनुवाद का उद्देश्य यह है की पुस्तक का संदेश हर भारतीय परिवार तक पहुंचे। मातृभाषा में विचार गहराई से असर डालते हैं।

समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षाविद् ,न्यायविद, नीति निर्माता लेखक सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति संकाय अध्यक्ष और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने इस विमा.`चन को केवल साहित्यिक आयोजन ने रहकर एक गंभीर शैक्षणिक सांस्कृतिक विमर्श बना दिया।

# नीट में सफल हुए रईस अब्बासी को समाज ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा किठौर में नीट क्वालीफाई पास कर अब्बासी समाज व क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले रईस अब्बासी को अब्बासी समाज ने मोमेंटो व फूलमाला से सम्मानित किया।

वक्फ विकास निगम निदेशक गुलाम मोहम्मद अब्बासी ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा में सफल होकर छात्र रईस अब्बासी ने पूरे अब्बासी समाज और किठौर का नाम रोशन किया है, इसके लिए उनके माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं। हाजी जहीर अब्बासी ने कहा कि दिशा तय होती है। आधुनिक युग में छात्रों के लिए संसाधन उपलब्ध हैं, परंतु सही मार्गदर्शन और माता-पिता की निगरानी से ही वह सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। जावेद अब्बासी ने बताया कि शिक्षा हमारे जीवन का अभिन्न अंग ह। जिससे किसी भी बालक व बालिका को वंचित नहीं रहना चाहिए क्योंकि अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। शिक्षा के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों को



प्राप्त कर सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते है ताकि हम जीवन का हर एक लक्ष्य हासिल कर सकें। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शाहबुद्दीन अब्बासी, हाजी नौशेरा अब्बासी, अरशद, युनुस, फकरुद्दीन अब्बासी, आजाद अब्बासी,हाजी मेहराज अब्बासी,परवेज अब्बासी, अबरार अहमद, शहजाद पार्षद आदि उपस्थित रहे।

# बड़े सपने देखे और खूब मन लगाकर पढ़े बेटियां: जिलाधिकारी

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं के साथ किया आत्मीय संवाद, उपहार किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शुक्रवार को एक विशेष अवसर का साक्षी बना, जब जिलाधिकारी अस्मिता लाल स्वयं विद्यालय पहुंचीं और छात्राओं के साथ एक भावनात्मक संवाद स्थापित किया। यह भ्रमण बालिकाओं के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने का प्रेरक प्रयास साबित हुआ। आवासीय विद्यालय में कुल 135 बालिकाएं पंजीकृत है।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने छात्राओं से न केवल उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली, बल्कि उनके सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ष्हर बालिका में असीम संभावनाएँ हैं, बस ज़रूरत है सही दिशा, अनुशासन और आत्मविश्वास की। संवाद के दौरान छात्राओं ने अपनी आकांक्षाएं व्यक्त की और जिलाधिकारी से वादा किया कि वह खूब मन लगाकर पढ़ाई करेंगी और अधिकारी, वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, इंजी. नियर, सामाजिक कार्यकर्ता बन देश समाज की सेवा करेंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय की छात्राओं के साथ भोजन किया और उनके साथ आत्मीयता से समय बिताया। बालिकाओं को केक-पेस्ट्री ट्रीट दी एवं स्टेशनरी किट और उपयोगी उपहार वितरित किए गए। जिलाधिकारी की इस पहल ने छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी और उन्हें यह एहसास कराया कि प्रशासन उनके साथ है और उनकी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का सबसे विशेष पहलू वह क्षण रहा, जब जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पालतू श्वान शावकों को गोद में लेकर छात्राओं को करुणा एवं संवे. दनशीलता का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जानवरों के प्रति दया और संवेदनशीलता हमें बेहतर इंसान बनाती है। जब हम किसी जीव-जंतु की जिम्मेदारी उठाते हैं, तो हमारे भीतर अनुशासन, करुणा और जीवन के मूल्य गहराई से विकसित होते हैं। इस पहल ने छात्राओं में न केवल उत्साह जगाया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों के अधिग्रहण का माध्यम भी है। जिलाधिकारी ने छात्राओं से खुले मन से उनके विचार और सुझाव भी सुने। इस संवाद ने छात्राओं को अपनी बात रखने का आत्मविश्वास दिया। कई बालिकाओं ने शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने तथा अतिरिक्त गतिविधियों की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। जिलाधिकारी ने उनके सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि हर उपयोगी विचार को आगे बढ़ाया जाएगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल का यह दौरा केवल एक प्रशासनिक कार्यवाही नहीं, बल्कि बेटियों के भविष्य के लिए एक सशक्त संदेश था। उन्होंने बालिक. ाओं को यह भरोसा दिलाया कि समाज और शासन दोनों उनके साथ हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह कार्यक्रम न केवल विद्यालय की छात्राओं के लिए प्रेरणा बना, बल्कि पूरे जिले के लिए यह संदेश लेकर आया कि हर बालिका सशक्त है, हर बालिका आत्मनिर्भर बन सकती है, और प्रशासन उनके सपनों को पंख देने के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान एसडीएम भावना सिंह, नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी, बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल चौराहे के पास खम्बों से भरा एक ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल हो गया जिसे निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

हसनपुर गजरौला निवासी इन्द्र जीत काकड़ा खिमावती से ट्रैक्टर मे बिजली के खम्बें भरकर चमरावल बिजली घर आ रहा था जब वह चमरावल मार्ग पर तिराहे के समीप पहुंचा तो ट्रैक्टर ओवरलोड होने के कारण पलट गया जिससे चालक इन्द्रजीत गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही मार्ग पर जाम की स्थिति बन गयी।

मौकें पर पुलिस ने पहुंच स्थिति को सम्भाला वही घायल हो उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम मीतली तिराहे के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के डौला गांव निवासी 25 वर्षीय नफीस पुत्र हारूण बाइक पर सवार बागपत से अपने घर जा रहा था। जब वह मीतली तिराहे के निकट पहुंचने पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं कार चालक ने अन्य कार रुकवाकर घायल युवक को निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल बागपत के लिए रेफर कर दिया। स्वजनों ने एंबुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल बागपत लेकर पहुंचे, जहां पर युवक को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक की सूचना मिलते ही स्वजनों में को. हराम मच गया। वहीं टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी एसआइ विपिन कुमार यादव ने आरोपित कार चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया।

## सांप के काटने से वृद्ध महिला की मौत, परिजनों में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गली नंबर 6 में एक दर्दनाक घटना सामने आई। कूड़े के ढेर में छिपे कोबरा ने 78 वर्षीय महिला को काट लिया। महिला की पहचान भेड़ापुर गांव की रहने वाली जगवती के रूप में हुई।



मृतका का फाइल फोटो



जगवती पिछले 3 साल से अपनी बेटी के घर में रह रही थीं। घटना उस समय हुई जब वह मकान के एक कोने में पड़े कूड़े को हटाने का प्रयास कर रही थीं। कूड़े में छिपे जहरीले सांप ने उनके हाथ में काट लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत जगवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, इलाज के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। महिला की मृत्यु से परिजन शोक में डूबे हैं। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## एक नजर

### नवयुवक संघ व भीम आर्मी द्वारा दीना भाना वाल्मीकि का परिनिर्वाण दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव में दानाभाना वाल्मीकि परिरनिर्माण दिवस मनाया गया। दीना भाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने नमन किया। वे बामसेफ के संस्थापक सदस्य रहे उन्होंने मानवतावादी बाबा साहब की विचारधारा को बहुजन तक पहुंचाया वह एक स्वाभिमानी शख्सियत थे। पूना में बारूद फैक्ट्री में कार्य करने लगे काशीराम को बाबा साहब की पुस्तक दी जाति का बीज नाशक पढ़ कर सामाजिक परिवर्तन का भाव जागृत हो गया। भीम आर्मी के जिला सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने उन्होंने बाबा साहब के मिशन को बामसेफ के माध्यम से बाबा कि विचारधारा बहुजन तक पहुंचाने के लिए घर-बार व नौकरी छोड़कर सामाजिक कार्य में लग गए उनका निधन पूनम है। 29 अगस्त 2006 में हुआ था शायद बिना होते तो बहुजन आंदोलन के जनक काशी राम न मिलते इस अवसर पर अनिल प्रवीन उर्फ सरदार मिंटू हाजी इस्लाम सुनील कुमार कल्लू दीपक अंबेडकर मोहित कुमार तेजस कुमार सुधीर अभिषेक रामेश्वर अंकुश मनीष ताशीम रामकुमार नौशाद, विदित आदि उपस्थित रहे।

## गाली गलौच का विरोध करने पर पड़ोसियों ने किया धारदार हथियारों से हमला, चार घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में देर रात एक परिवार पर हमले की घटना सामने आई है। मनीष कश्यप के परिवार पर उनके पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं।

मनीष कश्यप ने खेकड़ा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले नदीम, समीर और फिरोज सहित कई लोगों ने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद उनके मकान पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला किया और मकान पर पथराव भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को खेकड़ा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।



कश्यप ने बताया कि बागपत में कई अपराधिक मामले सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने में विफल रही है। जहां सरकार कानून व्यवस्था की सराहना कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत अलग है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोगों को सुरक्षित माहौल की जरूरत है। लेकिन बढ़ती अपराधिक घटनाओं से हर वर्ग परेशान है। उनका कहना है कि सरकार को सिर्फ बातें करने की बजाय ठोस कदम उठाने चाहिए। इससे कानून व्यवस्था बेहतर होगी और लोग सुरक्षित महसूस करेंगे। कश्यप ने आगामी चुनाव का जिक्र करते हुए दावा किया कि जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश में कानून का राज स्थापित होगा।

## क्रिस्टु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह क्रिस्टु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत एवं सामूहिक पुष्पांजलि के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्रों द्वारा मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया तथा उनकी शिक्षाओं को दर्शाने वाले प्लकार्ड प्रदर्शन ने सभी को प्रेरित किया। बच्चों ने खेल एवं अनुशासन पर आधारित समूह गीत भी प्रस्तुत किया, जिसने वातावरण को जीवंत बना दिया। विद्यालय की मैनेजर सिस्टर शीना एवं उप-प्राचार्या सिस्टर अमला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में केवल शारीरिक बल ही नहीं, बल्कि टीम भावना, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का भी विकास करते हैं। उन्होंने छात्रों को खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। खेल प्रतियोगिताएँ 100,200,500 मीटर दौड़, सैक रेस, खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, वालीबॉल रस्सा खींच आदि। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगितओं में विजेतओं को सम्मानित किया गया।

## किसानों का हुआ 55 करोड़ रुपये का बकाया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव में भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी ने मजबूती के साथ एक पंचायत का आयोजन कुछ दिन पहले किया गया था। पंचायत में मलकपुर चीनी मिल का बकाया भुगतान व दूसरे मिल का क्रय सेंटर लाने के लिए भारतीय किसान यूनियन प्रधान का एक प्रतिनिधिमंडल किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से मुलाकात की थी और उन्होंने आश्वासन दिया था कि आपके जो काम है उनके जल्द ही निस्तारण कर दिया जाएगा। इसको देखते हुए 55 करोड रुपए का मलकपुर चीनी मिल का पेमेंट जो आया है। उसके



लिए भारतीय किसान यूनियन प्रधान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ व चौधरी भूपेंद्र का आभार व्यक्त करती है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी मलकपुर चीनी मिल के गन्ना पेमेंट को लेकर लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी डीएम कार्यालय को बराबर ज्ञापन देते रहे हैं। किसानों का 55 करोड रुपए का बकाया गन्ना भुगतान हो गया है। इसके लिए क्षेत्र के किसानों ने भारतीय किसान यूनियन प्रधान का आभार भी प्रकट किया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में किसानों का झंडा आगे भी बुलंद रहेगा। किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम जारी रहेगा।

## जावेद मुतवल्ली को किया कोआर्डिनेटर का अध्यक्ष नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार ने वक्फ बोर्ड में पंजीकृत प्रत्येक वक्फ का विवरण 6 माह के भीतर उम्मीद सेंट्रल पोर्टल 2025 पर अपलोड किया जाता है, जिसमें अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा को उम्मीद सेंट्रल पोर्टल लांच किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने गुरुवार को प्रत्येक जनपद में बोर्ड के औकाफ के मुतवल्लियान को जनपद का कोआर्डिनेटर्स नामित किया गया है, जिसमें जनपद बागपत का कोआर्डिनेटर फूंस वाली मस्जिद वक्फ 38 के अध्यक्ष चौधरी जावेद अली को नियुक्त किया गया हैं।



शुक्रवार को नगर के मुख्य बाजार में स्थित वक्फ फूंस वाली मस्जिद बड़ौत में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा नियुक्त जावेद अली मुतवल्ली को जनपद बागपत का कोआर्डिनेटर नियुक्त करने पर लोगों ने स्वागत किया गया। लोगों ने मिठाई खिलाकर जावेद अली को मुबारकबाद दी एवं साथ ही अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार व सुन्नी वक बोर्ड लखनऊ का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर शहर ईमाम मुफ्ती खालिद कासमी, हारून अली मनव्वर, हाजी जमीरुद्दीन अब्बासी, आकिब, इमरान प्रधान, मुस्तफा, याकूब, आजाद, साजिद, शराफत अली, दिलशाद बेग, हाशिम अली, दिनना खजांची, अनीश चौधरी, कासिम शरीफ कस्सर, आदिल चौधरी, शहजाद बेग, महीनुदीन अब्बासी, इस्लामुद्दीन, आस्फि, डा.शालीन चौधरी आदि मौजूद रहें।

## मोबाइल से बच्चों की आँखों की रोशनी पर पड़ रहा बुरा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के श्रीशांति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज छपरौली में अध्यापक एवं अभिभावक एसोसियेशन की संगोष्ठी में चांदनी जैन द्वारा छात्राओं के अभिभावकों को बताया गया कि वर्तमान में तकनीकी क्रांति के समय में जब पूरा देश तकनीकी क्रांति की ओर बढ़ रहा है, वहीं बच्चों के सामने कई नई चुनौतियाँ भी खड़ी हो गई हैं।

स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बच्चों की शिक्षा और जीवन को एक नई दिशा दी है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी लगातार सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मोबाइल और इंटरनेट की लत बच्चों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है। पढ़ाई और खेल-कूद से दूरी बनाकर बच्चे घंटों मोबाइल पर गेम्स और सोशल मीडिया में समय व्यर्थ कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और मानसिक संत. ुलन पर पड़ रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों की आँखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ता है, नींद पूरी नहीं होती और तनाव बढ़ता है। वहीं समाजशास्त्रियों का कहना है कि तकनीक का अत्यधिक प्रयोग बच्चों को परिवार और समाज से दूर कर रहा है, जिससे उनमें अकेलापन और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए माता-पिता और शिक्षकों को मिलकर कदम उठाने की आवश्यकता है। घर में मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग का समय निर्धारित किया जाए। बच्चों को खेलकूद, व्यायाम और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाए।

## आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त:पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के आहवान पर प्रदेश मे तेजी से बढते अपराध अराजकता चोरी की घटनाओं दुर्घटनाओं को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि उ.प्र. में विगत आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अगर हम कहें कि उ.प्र. अपराध प्रदेश बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। एन.सी. आर.बी. के ऑकड़ों के अनुसार उ. प्र. में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। पूरे देश में महिलाओं के प्रति जितने अपराध हो रहे है। उसका 15 प्रतिशत अकेले उ.प्र. में होते है। पूरे प्रदेश का शायद ही कोई शहर




जनपद होगा जहां आये दिन कोई जघन्य अपराध न होता हो। इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते। बडौत निवासी डा.प्रवेज एमबीबी एसएमडी की संदिग्ध घटना बावली रोड बडौत पर चिकन प्वाईंट पर कार्य करने वाले युवक की संदिग्ध हुई मृत्यु खेतो मे किसानो की टयूबेल पर बढती चोरी की घटनाएं घरो व दुकानों में चोरियां प्रतिदिन दिल्ली सहारनपुर रोड़ पर वाहनों की चपेट मे दर्दनाक दुर्घटनाए घट रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामकुमार मुखिया उपाध्यक्ष चहीराम बिजेन्द्र शर्मा सचिव औमवीर दुहण रविन्द्र तोमर किसान प्रकोष्ठ शो केन्द्र तोमर वार्ड अध्यक्ष प्रवीण रूहेला औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राहुल व उसकी पत्नि आकांशा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
रामकृपाल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम सांकरौद थाना व तहसील खेकडा जनपद बागपत।

न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत

विविध वाद सं.-124 सन् 2025

नीरज कुमार पुत्र स्व. श्री जयपाल सिंह निवासी ग्राम बरवाला पट्टी छोटी तहसील बडौत जिला बागपत। ..प्रार्थी/आवेदक, बनाम, 1.संजीव कुमार, 2.सुनील कुमार पुत्रगण स्व.जयपाल सिंह निवासीगण ग्राम बरवाला पट्टी छोटी, तहसील बडौत जिला बागपत।, विपक्षीगण/प्रतिवादीगण, हरगाह प्रार्थी/आवेदक ने विपक्षीगण/प्रतिवादीगण के विरूद्ध मान्य न्यायालय में उक्त विविध वाद अ. धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधि. नियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतू दायर की गयी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.09.25 को बरवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिक्का मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके जाहिर हो और जवाबदेही दावा की करे। और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे। जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तदमाल करना चाहते हो।, अत: आपको इत्तिला दी जाती है कि आप बरोज मजकूर के हाजिर ना होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप अवधारित किया जायेगा।

आदेशत:, सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र जहीर हसन व पुत्रवधू तबस्सुम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अय्यूब अली पुत्र शेरदीन निवासी ग्राम अशरफाबाद थल थाना रमाला जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 के अनुक्रमांक 0574472 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्त में कही खो गए है।
कोशल पुत्री विष्णु निवासी कस्बा व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अमित कुमार व पुत्रवधू ज्योति से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सुभाष पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम सादिकपुर सिनौली थाना छपरौली जनपद बागपत।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डोना को हराकर गॉफ तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और फिर लय में आकर क्रोएशिया की डोना वेकिच को 7-6(5), 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। गॉफ का अगला मुक. ाबला 28वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फेच से होगा। मैच के बाद गॉफ ने कहा कि सच कहूं तो, आज का मैच मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं इस बात से खुश हूं कि मैं इससे निपट पाई। पिछले कुछ हफ्ते बेहद मुश्किल रहे हैं।

### चोटिल क्रेग एर्विन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

आज से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे। जिम्बाब्वे ने अभी तक किसी एर्विन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मैच की पूर्व संध्या पर एर्विन को अपनी बाईं पिंडली में ग्रेड 2 की चोट के साथ-साथ अपनी दाहिनी पिंडली में ग्रेड 1 की चोट का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हुए एमआरआई स्कैन से उनकी चोट की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे और श्रीलंका को 29 अगस्त से सात सितंबर तक दो एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने हैं। सभी पांच मैच हरारे में खेले जाएंगे।

● डायमंड लीग फाइनल में

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज

● **डायमंड लीग फाइनल के पुरुषों की भालाफेंक प्रतियोगिता में नीरज ने 81.01 मी. थ्रो से भाला फेंका**

**स्वीट्जरलैंड, वार्ता।** डायमंड लीग फाइनल 2025 के पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चोपड़ा ने 85.01 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91-51 मीटर का थ्रो कर खिताब अपने नाम किया।

लेट्ज़ग्रिंड स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत अच्छी की थी और पहले प्रयास में 84.35 मीटर फेंका। हालांकि



बीच के तीन प्रयासों में लगातार फाउल के कारण वे पीछे रह गए। पांचवां थ्रो भी नाकाम रहा, लेकिन नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में शानदार वापसी करते हुए 85.01 मीटर की दूरी दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहे। यह थ्रो उन्हें केशोर्न वॉलकॉट से आगे ले गया, जिन्होंने 84.95 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी वेबर ने अपने दूसरे प्रयास में 91.51 मीटर का थ्रो फेंका। इस दूरी अन्य कोई एथलीट पार नहीं कर पाया और वेबर ने नया निजी सर्वश्रेष्ठ और वर्ल्ड लीड दर्ज करते हुए खिताब जीता। प्रतियोगिता में अन्य दावेदारों में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के साथ चौथे, केन्या के जूलियस येगो 82.01 मीटर के साथ पांचवें, मोल्दोवा के आंद्रियन मार्डारे 81.81 मीटर के साथ छठे और स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड 81-29 मीटर (पर्सनल बेस्ट) के साथ सातवें स्थान पर रहे।

## अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में एशियाई चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक



**शिमकेंट, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चांग. वोन विश्व चैम्पियन अंकुर मित्तल ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दौरान डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए नया एशियाई चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया।

कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही इस प्रतियोगिता में अंकुर की इस जीत के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा 103 तक पहुंच गया। 52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। अंकुर मित्तल ने भानु प्रताप सिंह और हर्षवर्धन काविया के साथ मिलकर डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में टीम कांस्य भी जीता। अंकुर ने चार राउंड (प्रत्येक में 30 शॉट्स) में 26, 28, 26 और 27 अंक हासिल करते हुए कुल 107 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान के स्थानीय शूटर आर्टिओम चिकुलायेव ने 98 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत के अहमद अलअफ़ासी ने 96 2 के साथ शूट-ऑफ में कांस्य पदक हासिल किया। डबल ट्रैप जूनियर वर्ग में हतीम खान मोहम्मद ने 89 हिट्स के साथ रजत पदक और मानवराजसिंह चुडासमा ने 87 हिट्स के साथ

● **52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा**

कांस्य पदक जीता। दोनों ने विनय प्रताप सिंह चंद्रावत (81) के साथ मिलकर इस इवेंट का टीम स्वर्ण भी जीता।

डबल ट्रैप महिला वर्ग में भारत ने पोडियम क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य अपने नाम किए। अनुश्का सिंह भाटी (93) ने स्वर्ण, राज. कुंवर प्रनिल इंगले (89) ने रजत और यशाया हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने कांस्य पदक जीता। इस तिकड़ी ने टीम स्वर्ण भी अपने नाम किया। महिला जूनियर वर्ग में अवनी अलंकार कोली ने 77 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अवनी ने कृषिका जोशी और स्मिता सावंत (दोनों 61 हिट्स) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। 50 मीटर राइफल प्रोन महिला वर्ग में मनीनी कौशिक ने 617-8 स्कोर के साथ भारत के लिए कांस्य पदक जीता। मनीनी ने सुरभि भारद्वाज (614-4) और विदर्शा के-विनोद (613-8) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। जूनियर वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 616-6 स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। प्राची ने अनुशका ठोकुर (607-6) और तेजल नाथावत (599-2) के साथ मिलकर टीम कांस्य पदक भी जीता।

25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष वर्ग में, रजकंवर सिंह ने प्रिसीजन राउंड में 289 और रैपिड राउंड में 294 के स्कोर के साथ कुल 583-22ग बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

## मोदी, मांडविया ने ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



● **खेल दिवस के विशेष अवसर पर हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी: मोदी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले एक दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को निखारने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्वस्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान डा. मांडविया ने दौड़ लगाई, फुटबॉल खेली तथा रस्साकशी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ मांडविया ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त देशवा. सियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। खेल परंपरा भारत में सदियों से विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज खेल महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आइए आज के दिन को और सार्थक बनाएं - एक घंटा खेल के मैदान में जरूर बिताएं। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

## घरेलू सीजन से पहले मनदीप सिंह ने त्रिपुरा को छोड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बल्लेबाज मनदीप सिंह ने टीम के साथ सिर्फ एक सीजन बिताने के बाद 2025-26 घरेलू सीजन से पहले त्रिपुरा छोड़ने का फ़ैसला किया है। मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि पिछले सीजन में मुझे खेलने का मौका देने के लिए त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रिया। मैंने वहां अपने समय का बहुत लुत्फ लिया। मैदान के अंदर और बाहर कुछ बेहतरीन यादें बनीं। टीम को आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं। अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मनदीप ने रणजी ट्रॉफी में छह मैच, विजय हजारे ट्रॉफी में छह मैच और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में 2024-25 सीजन के दौरान सात मैच खेले थे। त्रिपुरा सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया लेकिन मनदीप ने अच्छा प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नाबाद 124 रन बनाए और पांच अर्द्धशतक लगाए।

### ओडिशा डीजीपी ने 41 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओडिशा के पुलिस महानिद. शक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने शुक्रवार को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर ओडिशा पुलिस के 41 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यहां आरके पाढ़ी मेमो. रियल हॉल में आयोजित समारोह में डीजीपी खुरानिया ने खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा और उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों ने हाल के वर्षों में देश भर में ओडिशा पुलिस की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

## चीन में आयोजित बेल्ट एंड रोड यूथ बॉक्सिंग गाला में 14 भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया

**झिंजियांग, वार्ता।** चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/ अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में चौदह भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने अपने-अपने फाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाद्वीपीय आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। कजाकिस्तान, ईरान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, 10 लड़कियों और 4 लड़कों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे भारत के लिए कई रजत पदक और स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना सुनिश्चित हुई। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 5 सहायक कर्मचारी और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया था, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली थी।

लड़कों में, ध्रुव खरब (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने शानदार जीत हासिल की, जिन्होंने चीन, कोरिया और ईरान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आदित्य (52 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन करीबी फैसलों के बाद बाहर हो गए, जबकि उदय, देवेंद्र चौधरी आदि ने अभियान समाप्त किए।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में

● **पीवी सिंधु ने महिला एकल में व ध्रुव और तनिषा ने मिश्रित युगल में खेलकर अगले दौर में जगह बनाई**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।



राउंड-ऑफ-16 में चीनी जोड़ी का सामना करते हुए, सात्विक-चिराग ने गुरूवार को शुरुआती गेम 19-21 से मामूली अंतर से गंवा दिया, लेकिन शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में 21-15 से दबदबा बनाया। निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें कई बार स्कोर बराबर रहा, लेकिन सात्विक-चिराग ने 1 घंटे 6 मिनट में 21-17 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब भारतीय जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरा. न चिया और सोह वूई यिक से होगा, जो अपनी जीत की लय को जारी रखना चाहेंगे।

इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने महिला एकल में तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने मिश्रित युगल में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। सिंधु ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झीयी पर जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

2019 की विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में जीत के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह से मात देते हुए केवल 48 मिनट में 21-19, 21-15 से जीत हासिल की। सिंधु शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इंडोनेशियाई शटलर पुत्री कुसुमा वर्दानी से भिड़ेंगी।

ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से लयग सुएट को एक घंटे 3 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-12, 21-15 से हराया।

## फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

● **हसरंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए दुशन हेमंता की जगह टीम में शामिल किया गया**

**कोलंबो, वार्ता।** लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे।

हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं। बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और कामिल मिशारा के साथ तेज गें. दबाज दुश्मंता चमीरा को भी टीम में शामिल किया गया है। अन्य तेज गेंदबाजों में चमिका करुणारत्ने भी शामिल हैं, जो सीमित ओवरों की टीमों में वापसी कर रहे हैं। दसुन शनाका को भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फिर से चुना गया है। एंजेलो मैथ्यूज की अनुपस्थिति से संकेत मिलता है कि चयनकर्ता अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उन पर विचार करने की संभावना नहीं रखते हैं। उन्होंने साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहे।

# एशिया कप: भारत ने चीन को हराया

● **मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन के खिलाफ 4-3 से जीत के साथ हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर बिहार 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की।

यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें, 33वें, 47वें) मिनट में गोलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई। जुगराज सिंह ने (18वें) मिनट में भारत के लिये पहला गोल दागा। वहीं चीन की ओर से शिहाओ डू ने (12वें), बेनहाई चेन ने (35वें) और जीशेंग गाओ ने (41वें) मिनट में गोल किए। शुरुआत से ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने



आक्रामक रुख अपनाया। आखिरकार चीन ने दबाव बनाया और उसने एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे शिहाओ डू (12वें मिनट) ने गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में चीन 1-0 से आगे था। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और चीन पर दबाव बनाने में अच्छा प्रदर्शन किया। क्वार्टर में तीन मिनट बाद भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह (18वें मिनट) गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें मिनट) गोलकर भारत को बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम तक भारत 2-1 से आगे था।

भारत ब्रेक के बाद चीन के खिलाड़ियों दबाव बनाने का प्रयास और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (33वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। चीन ने जल्द ही शानदार जवाब दिया और अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे बेनहाई चेन (35वें मिनट) ने गोल में बदलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अगले कुछ मिनटों तक भारत और चीन एक-दूसरे पर लगातार हमले करते रहे, जिसमें चीन का आक्रामक रुख काफी खतरनाक लग रहा था।

# हर खिलाड़ी समाज का हीरो राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा: योगी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है।

हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। यहां आयोजित समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। श्री योगी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि जब



● **हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखना चाहिए: मुख्यमंत्री**

मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936 तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया।

### फर्नले को हराकर जेवेरेव यूएस ओपन के तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेवेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फर्नले को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में जेवेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फर्नले पर 6-4, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगे जर्मन खिलाड़ी ने संयमित प्रदर्शन किया और पहले सेट के शुरुआती गेम में फर्नले की सर्विस तोड़ दी और पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा। जेवेरेव का अगला मैच तीसरे दौर में 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स और गैर-वरीयता प्राप्त रूसी रोमन सफीउलिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जेवेरेव ने कहा कि कोई भी मैच आसान नहीं होता। इन दिनों हर कोई शानदार खेल रहा है।

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**

**शनिवार, 30 अगस्त 2025**

# बदजुबानी पर जंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार की राजनीति में उबाल आ गया है। शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उस समय भिड़ गए, जब पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया नेता सहित 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। यूं तो राजनीति में विचारधारा व मुद्दों की लड़ाई होती है और उसके लिए बेतुकी तू-तड़ाक की बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं बचती है, लेकिन हो इसके उलट रहा है। बयानबाजी का स्तर राजनीति में लगातार घटता जा रहा है। इस पर सभी को सोच-विचार करना चाहिए। विडंबना यह है कि इस बयानबाजी में कोई भी राजनीतिक दल का नेता पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन और अधिक बढ़ गया है और इस पर लगाम लगती दिखाई नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह बिल्कुल सही है कि जिस तरह की तू तड़ाक की भाषा राहुल अपनी वोट अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। भाषा शालीन होनी चाहिए, लेकिन यह मानने में भी कोई हर्ज नहीं है कि इसकी शुरुआत खुद पीएम मोदी ने की थी। इस तरह के आरोप कांग्रेस व अन्य विपक्षी लगा भी रहे हैं। आखिर इस बात को कौन भूल सकता है कि कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, जर्सी गाय, खूनी पंजा, सूर्पणखा की हंसी, दीदी औ दीदी आदि बातें पीएम मोदी खुद कह चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया। दरभंगा पुलिस ने भोपुरा गांव निवासी अनीस कुरैशी के पुत्र मौ. रिजवी को गिरफ्तार किया है। अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यह देखना भी बेहद दुखद है कि राहुल की टिप्पणी के बीच ही तृणमूल कांग्रेस सांसद मऊआ मोइत्रा का बयान भी शुक्रवार को सामने आया। जिसमें उन्होंने नादिया जिले में घुसपैठ पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर बखेड़ा हो गया है। अपनी एक पोस्ट शेयर करते हुए तृणमूल नेता ने कहा है कि उनका देश के गृहमंत्री अमित शाह से साफ सवाल है कि वह बार-बार कहे जा रहे हैं घुसपैठिया, घुसपैठिया...। हमारा जो बोर्डर है उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। उन्होंने पोस्ट में 15 अगस्त को लालकिले से दिए बयान का हवाला दिया जिसमें कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमाग्राफिक चेंज हुए, तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ही तो बनती है। उनके अनुसार अगर गृह मंत्री भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और खुद पीएम बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो फिर यह गलती किसकी है।

## महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर पूछना चाहते हैं कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है, सभी की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो, आप कौन होते हैं, लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है, संघ समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

# असली यानि जैविक पिता का सवाल



आपको कैसा लगेगा यदि अचानक आपको पता चले कि आप जिस व्यक्ति को अपना पिता मानते आए हैं, वह जैविक रूप से आपका पिता नहीं है। छोटे समय की बात छोड़िए, लेकिन यदि आपको अपनी कई पीढ़ियों की वंशावली में यह देखने को मिले कि उसमें किसी पीढ़ी में किसी संतान का पिता वह नहीं था, जिसे सामाजिक या कानूनी रूप से पिता माना गया था। इसी के साथ यह बात भी जुड़ जाती है कि कोई भाई-भाई, बहन-बहन या भाई-बहन वास्तव में सहोदर हैं या नहीं।

पितृत्व (जैविक तथा सामाजिक) का यह सवाल कई संस्कृतियों-समाजों में बहुत अहमियत रखता है। तो बेल्जियम स्थित केयू ल्यूवेन विश्वविद्यालय के जेनेटिक विज्ञानी मार्टेन लारमूसौ Maarten Larmuseau ने इस विषय की जांच-पड़ताल करने का विचार किया। सवाल था, कितने मामलों में महिला उन पुरुषों के साथ बच्चे पैदा करती हैं, जिनकी वे संगिनी नहीं हैं?

अधिकांश समाजों में सहोदर सम्बंध काफी हद तक सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। इनमें दत्तक संतान या सौतेले परिवार भी शामिल होते हैं। लेकिन जैविक पिता के सवाल सहस्राब्दियों से परिवारों को तहस-नहस करते रहे हैं और सांस्कृतिक चिंताओं का कारण बनते रहे हैं। पारिवारिक-सामाजिक मुद्दों के अलावा बच्चे के जैविक पिता के बारे में जानना कभी-कभी अपराध विज्ञान या चिकित्सा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह संभव है कि किसी बच्चे के पिता को लेकर संशय महिला द्वारा इरादतन किसी अन्य पुरुष से सम्बंध का परिणाम हो, लेकिन इस संदर्भ में यौन हिंसा अथवा दबाव के तहत यौन सम्बंधों को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कानूनी पिता को मालूम होता है कि वह जैविक पिता नहीं है। ऐसे सारे प्रकरणों के लिए लारमूसौ जिस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह है दंपति-इतर पितृत्व इसमें वे दत्तक अथवा विवाहेतर जन्मों को शामिल नहीं करते हैं, जहां पिता की जैविक पहचान ज्ञात होती है। उन्होंने यह जानने के लिए एक तकनीक विकसित की है कि दंपति-इतर पितृत्व कितना सामान्य है। सामाजिक रूप से संवेदनशील होने के कारण आम तौर पर जीव वैज्ञानिक मनुष्यों के संदर्भ में इस विषय को टाल देते हैं, हालांकि पशु-पक्षियों में यह अनुसंधान का एक प्रमुख विषय रहा है। तो लारमूसौ ने क्या विधि अपनाई थी दंपति-इतर पितृत्व के आकलन के लिए? इस खोजबीन का एक मजेदार अध्याय मशहूर पाश्चात्य संगीतकार बीथोवन से जुड़ गया था।

दरअसल, पीएचडी छात्र के रूप में लारमूसौ ने बाल्टिक और भूमध्यसागर में पाई जाने वाली एक मछली प्रजाति पर शोध किया था। सैण्ड गोबी, गोबी के नर संतानोत्पत्ति में काफी योगदान देते हैं। वे घोंसला बनाते हैं और निषेचित अंडों की देखभाल करते हैं। दूसरी ओर, मादा तो अंडे देकर निकल जाती है। हां, यह जरूर है कि नर गोबी कभी-कभार अन्य नरों द्वारा बनाए गए घोसलों में घुसकर अंडों को निषेचित करके नौ-दो-ग्यारह हो जाता है। नतीजतन उस घोंसले का निर्माता नर किसी अन्य की संतानों की परवरिश करता है। इसके चलते सैण्ड गोबी दंपति-इतर पितृत्व के अध्ययन के लिए उम्दा जंतु माना जाता है।

एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में काम करते हुए लारमूसौ के मन में विचार आया कि मनुष्यों में इसी तरह का व्यवहार हो तो उसके चलते डीएनए विश्लेषण की मदद से लाशों की पहचान तथा अपराधों के अन्वेषण में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। लेकिन उस विषय में बात करना बहुत कठिन था। पशु-पक्षियों के बारे में तो दंपति-इतर पितृत्व को लेकर काफी साहित्य उपलब्ध है, लेकिन इन्सानों के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

प्रामाणिक आंकड़ों के अभाव में वैज्ञानिक अटकलों का सहारा लेते थे। जैसे जीव वैज्ञानिक जेरेड डायमंड ने अपनी पुस्तक दी थर्ड चिम्पैंजी: दी इवॉल्यूशन एंड फ्यूचर ऑफ ह्युमैन एनिमल में दावा किया था कि इन्सानों में सामाजिक रूप से मान्य सम्बंधों के बाहर यौन सम्बंध लगभग 5 से 30 प्रतिशत होते हैं। इसी प्रकार से, रीडिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक मार्क पेजल ने कहा था कि जन्म के समय मानव शिशुओं के बीच भेद करने में मुश्किल जैव विकास के दौरान विकसित हुई है ताकि उनकी वास्तविक वल्दियत उजागर न हो।

अंततः एक आम सहमति उभरी जो मूलतः जेनेटिक पितृत्व निर्धारण के शुरुआती प्रयासों पर आधारित थी। दी लैंसेट में प्रकाशित एक लेख में सैली मैकिन्टायर और एनी सूमैन ने बताया था कि लगभग 10 प्रतिशत बच्चे विवाहेतर सम्बंधों के परिणाम होते हैं। हालांकि इस आंकड़े के सत्यापन अथवा खंडन के लिए ठोस आंकड़े नहीं थे लेकिन पत्रकार और शोधकर्ता इसे बार-बार दोहराते रहे और यह स्थापित तथ्य बन गया, लेकिन यदि 10 प्रतिशत विवाहेतर संतानों का आंकड़ा सही है, तो कई वंशावलियां बेकार हो जाएंगी। रोचक बात यह रही कि स्वयं लारमूसौ के पर-काका अपने परिवार का इतिहास जानने को उत्सुक थे लेकिन 10 प्रतिशत की बात सुनकर उनका उत्साह जाता रहा था। अलबत्ता, लारमूसौ लगे रहे। पहले उन्होंने अपने ही परिवार का इतिहास खंगाला। अंततरू उन्होंने अपनी सोलह से अधिक पीढ़ियों के हजारों पूर्वजों का एक चार्ट बना लिया। वे सोचने लगे कि कहीं जेरेड डायमंड और अन्य शोधकर्ता सही तो नहीं हैं? और इनमें से कितने सामाजिक व कानूनी पूर्वज उनके जैविक पूर्वज भी हैं। इस संदर्भ में मौजूदा प्रमाण विवादास्पद हैं। पितृत्व जांच पर आधारित अनुमान पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं, क्योंकि जो लोग पैसा खर्च करके ऐसे परीक्षण करवाते हैं, उनके मन में पहले से ही दंपति-इतर संतान होने की शंका रहती है। अस्थि मज्जा दानदाताओं के सैम्पल्स तथा अन्य स्रोतों से पता चलता था कि आधुनिक आबादियों में दंपति-इतर संतानोत्पत्ति की दर कम है, लेकिन वह शायद यौन-सम्बंधों को लेकर व्यवहार में परिवर्तन की वजह से नहीं बल्कि आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के कारण भी हो सकता है और सड़क चलते लोगों से उनके यौन व्यवहार के बारे में पूछना 'आ बैल सींग मार' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। यानी वर्तमान का अध्ययन करना कठिन है और लारमुसौ ने अतीत का रुख किया।


उन्होंने 2009 में स्थानीय स्तर पर 1400 के दशक से शुरू करके वंशावलियां एकत्रित कीं। इसमें उन्हें बेल्जियन व डच वंशावली तथा विरासत को लेकर उत्साहित लोगों की मदद मिली। फिर उन्होंने स्वतंत्र रूप से इन वंशावलियों का सत्यापन किया। जब शौकिया लोगों के पास जानकारी नहीं थी, तो उन्होंने जनगणना के आर्काइव्स को खंगाला और फ्लेमिश व डच गिरजाघरों में विवाह तथा बप्तिज्मा के रिकॉर्डों को खंगाला। पुराने दस्तावेजों से शुरू करके लारमूसौ ने आज जीवित ऐसे हजारों पुरुषों को ढूंढ निकाला जो वंशावली रिकॉर्ड के मुताबिक अपने पिता की ओर से दूर के रिश्तेदार होना चाहिए। अगला कदम यह था कि उनके डीएनए प्राप्त करके इस अधिकारिक विरासत की जांच की जाए। इसके लिए जरूरी था कि उन व्यक्तियों से संपर्क हो पाए। इस काम में स्थानीय इतिहास समितियों ने उनकी मदद की। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि लारमूसौ ने उन व्यक्तियों को फोन कर दिया या सीधे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। साथ में वे डीएनए सैम्पल लेने के लिए जरूरी सामान और सम्मति पत्र भी लेकर पहुंचे। कभी-कभी तो गांव में एक ही सरनेम वाले व्यक्तियों से कहा कि वे अपने डीएनए परीक्षण करवा लें। एक ही सरनेम से वे मानकर चले थे कि वे सारे व्यक्ति पिता की ओर से पारिवारिक सम्बंधी होंगे। एक साल में उन्होंने 300 परिवारों से संपर्क किया और पुरुषों को बता दिया कि वे उनके पूर्वजों में दंपति-इतर सम्बंधों की तलाश कर रहे हैं। यदि थोड़ी भी हिचक दिखी तो उस परिवार को अध्ययन में शामिल नहीं किया। मुंह से लिए गए स्वाब में वाय गुणसूत्र मिला। गौरतलब है कि वाय गुणसूत्र पिता से पुत्र को मिलता है। और यह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। एक पीढ़ी से अगली को हस्तांतरित होते समय इस वाय गुणसूत्र में कोई परिवर्तन नहीं आता।

नतीजतन, यदि दो व्यक्ति ऐसे मिलते हैं, जिनके वाय गुणसूत्र मेल खाते हैं तो उनका कोई दादा, पर-दादा, पर-पर-दादा एक ही होगा, भले ही उन दोनों व्यक्तियों को इसकी भनक तक न लगी हो। लेकिन इसका उलट भी होता था। किन्हीं दो व्यक्तियों की वंशावली तो बताती थी कि उनमें वाय गुणसूत्र का मिलान होना चाहिए लेकिन होता नहीं था। यदि वाय गुणसूत्र मेल नहीं खाते थे, तो इसका मतलब है कि बीच में कभी तो कोई 'अन्य' पुरुष शामिल था। लारमूसौ के लिए यह इस बात का प्रमाण होता था कि उस वंशवृक्ष में कम से कम एक मामला दंपति-इतर पितृत्व का रहा होगा। फिर उन्होंने सांख्यिकीय मॉडल की मदद से यह निर्धारण करने का प्रयास किया कि यह घटना कितनी पीढ़ियों पूर्व हुई होगी। 2013 में एक प्रारंभिक अनुमान प्रकाशित करने के बाद भी वे आंकड़े एकत्रित करते रहे। 2019 में उन्होंने करंट बायोलॉजी में एक शोध पत्र प्रकाशित किया। यह शोधपत्र दूर के रिश्तेदार 513 पुरुष जोड़ियों के वाय गुणसूत्र की जांच पर आधारित था। इसमें लारमूसौ ने अनुमान व्यक्त किया था कि बेल्जियम और नेदरलैंड में पिछले 500 वर्षों में दंपति-इतर पितृत्व की दर लगभग 1.5 प्रतिशत रही।

**-डॉ. सुशील जोशी**
**( स्रोत फीचर्स )**

# जन्नत से कम नहीं हैं भारत की ये सुंदर झीलें

गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।



**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

# समुद्र से शुरुआत और धरती पर जीवन का पहला कदम

लगभग 40 करोड़ साल पूर्व सबसे पहले कशेरुकी जीव समुद्र में रहते थे। उस समय मछलियां ही समुद्र की सबसे बड़ी जीव थीं, लेकिन उनमें जमीन पर चलने के लिए मजबूत टांगें विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों का मानना था कि विकास की प्रक्रिया में काफी समय लगा जिसके बाद मछलियां जमीन पर आईं। लेकिन पोलैंड में हुई एक खोज से पता चला है कि कुछ मछलियों ने हमारी सोच से कहीं पहले ही जमीन पर जीने की कोशिश की थी।



2021 में वैज्ञानिकों को पोलैंड स्थित होली क्रॉस पर्वतों में अजीब से जीवाश्म निशान मिले। यह पत्थर कभी समुद्र तट का हिस्सा थे। इनमें 240 से ज्यादा गड्ढे और खरोंचें मिलीं। जांच से पता चला कि यह निशान शायद मछलियों के जमीन या बहुत उथले पानी पर रेंगते हुए बने थे। यह जीवाश्म 41 से 39.3 करोड़ साल पुराने हैं यानी पहले मिले सबूतों से करीब 1 करोड़ साल पहले।

यह निशान आज की लंगफिश से बहुत मिलते-जुलते हैं। लंगफिश ऐसी मछली है जो हवा में सांस ले सकती है और अपने मीनपक्षों का इस्तेमाल करके जमीन पर रेंग सकती है। माना जाता है कि लंगफिश थलचर चौपाया जीवों के शुरुआती पूर्वजों की करीबी रिश्तेदार है। चलने के लिए यह मछली अपना मुंह जमीन पर टिकाकर लीवर की तरह दबाती है और फिर मीनपक्ष और पूंछ की मदद से शरीर को आगे खींचती है। यही अजीब तरीका पोलैंड में मिले जीवाश्मों के निशानों से मेल खाता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और पोलिश जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक पिओत्र श्रेक बताते हैं कि ऐसा तभी संभव था जब वे पूरी तरह पानी के उछाल पर निर्भर नहीं रह गई हों। वैज्ञानिकों की टीम ने इन जीवाश्मों के निशानों को बारीकी से समझने के लिए 3-डी स्कैनिंग की। फिर उन्होंने इनकी तुलना आज की पश्चिम अफीकी लंगफिश द्वारा बनाए गए निशानों से की। नतीजा यह रहा कि नाक, पंख, पूंछ और शरीर के हिस्सों से बने दबाव के निशान लगभग वैसे ही मिले। इससे साफ हुआ कि प्राचीन समय की कुछ मछलियां लंगफिश जैसी ही रही होंगी।

एक और दिलचस्प बात यह सामने आई- वैज्ञानिकों को 'हैंडेडनेस' यानी शरीर के एक ओर की वरीयता के सबूत भी मिले। 240 निशानों में से 36 में सिर झुकाने के संकेत थे, जिनमें से 35 बाईं ओर झुके थे। इसका मतलब यह हो सकता है कि वे मछलियां ज्यादातर बाईं ओर झुककर चलती थीं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों में कोई दाएं या बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करता है। यह जानवरों में 'हैंडेडनेस' का अब तक का सबसे पुराना प्रमाण हो सकता है।

अलबत्ता, एक तर्क यह है कि आज की लंगफिश 40 करोड़ साल पुरानी मछलियों से बहुत अलग हैं, इसलिए सीधे-सीधे तुलना मुश्किल है। चीन और ऑस्ट्रेलिया में मिले ऐसे ही जीवाश्मों पर अधिक शोध इन निष्कर्षों की पुष्टि करने में सहायक हो सकते हैं। बहरहाल, यह खोज हमें याद दिलाती है कि विकास कभी सीधी रेखा में नहीं होता।

## ग्लोबल वार्मिंग पर विवादित रिपोर्ट से मचा हंगामा

हाल ही में अमेरिका के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट से बड़ी बहस छिड़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाला आर्थिक नुकसान पूर्व मान्यता की अपेक्षा कम होगा। लेकिन कई वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिपोर्ट जलवायु विज्ञान को गलत तरीके से पेश कर रही है और इसका मकसद अमेरिकी सरकार को 2009 के उस अहम फैसले को रद्द करने में मदद करना है, जिसमें ग्रीनहाउस गैसों को जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया था।

गौरतलब है कि बराक ओबामा के कार्यकाल में पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी ने ठोस सबूतों के आधार पर निष्कर्ष दिया था कि कार्बन डाईऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें इंसानों और पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, और इसी के आधार पर वाहनों, बिजली संयंत्रों और अन्य स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण के नियम बने थे, लेकिन अब सरकार इस फैसले को पलटने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप जलवायु परिवर्तन को शिगूफा करार दे चुके हैं। यह रिपोर्ट ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने पांच व्यक्तियों से तैयार करवाई है। इनमें वायुमंडलीय वैज्ञानिक जॉन क्रिस्टी, जलवायु वैज्ञानिक जूडिथ करी, भौतिक विज्ञानी स्टीवन कूनिन, अर्थशास्त्री रॉस मैक्किट्रिक व मौसम वैज्ञानिक रॉय स्पेंसर शामिल हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा है कि वे तथ्यों पर आधारित खुली और पारदर्शी चर्चा के लिए तैयार है, और अगर गंभीर वैज्ञानिक सुझाव मिलते हैं तो रिपोर्ट में बदलाव किया जाएगा। एजेंसी ने इस दस्तावेज को जनता और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के लिए 2 सितंबर तक खुला रखा है, लेकिन कई वैज्ञानिक नाराज हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की महासागर विज्ञानी जोएलेन रसेल का मानना है कि यह रिपोर्ट विज्ञान को आगे बढ़ाने की बजाय दबा रही है। फिलहाल कई शोधकर्ता रिपोर्ट के हर दावे का एक तथ्यात्मक जवाब तैयार कर रहे हैं। इस मामले में टेक्सास स्थित यह एंड एम यूनिवर्सिटी के एंड्रयू डेस्लर सुप्रीम कोर्ट तक जाने को तैयार हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि वर्तमान जलवायु खतरे के सबूत पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि ट्रंप प्रशासन जोखिम सम्बंधी निष्कर्ष को रद्द करने में सफल हो जाता है, तो पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अधिकार समाप्त हो सकता है। इससे जलवायु प्रदूषण व परिवर्तन पर कानूनी कार्रवाई मुश्किल हो जाएगी, और वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव और अधिक बदतर हो जाएगा। जलवायु वैज्ञानिकों के लिए यह लड़ाई सिर्फ एक रिपोर्ट की नहीं है बल्कि दशकों के शोध परिणामों की रक्षा, विज्ञान पर भरोसा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि सार्वजनिक नीतियां ठोस सबूतों पर आधारित हों, न कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिनपिंग की एक सीक्रेट चिट्ठी ने सुधारे भारत-चीन के रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखाः हम ट्रम्प के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ पीएम मोदी का चीन दौरा

**नई दिल्ली/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं।

इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना। ट्रम्प ने मार्च में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने 2 अप्रैल को 70 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गई थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा।



> मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था

ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बात. चीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आई पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया। इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की को. शिशों को दोगुना करने पर सहमति जताई। और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और चीन गंभीर बातचीत में जुटे हुए थे। पिछले साल दोनों देशों ने लद्दाख में जारी गतिरोध को आंशिक तौर पर हल करने के लिए एक समझौता किया था। इसी समझौते ने मोदी और शी जिनपिंग की पहली सीधी मुलाकात का रास्ता खोला। अब प्रधानमंत्री मोदी शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन जा रहे हैं। वहां उनकी मुलाकात जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से होगी। इस मुलाक. ात को अमेरिका कड़ी नजर से देख रहा है, क्योंकि यह उसके लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन सकता है।

## अमेरिका में सिख ने सड़क पर तलवार लहराई, पुलिस ने गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास एंजिलिस में एक सिख को सड़क पर तलवार लहराने पर पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह घटना 13 जून की बताई जा रही है। शख्स की पहचान गुरप्रीत सिंह के तौर पर की गई है। इस घटना का वीडियो लास एंजि. लिस पुलिस ने अपने यूटयूब चैनल पर शेयर किया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खबर मिली थी कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलिंपिक बुलेवार्ड रोड पर तलवार लहरा रहा है।



नई दिल्ली। भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।

## रूसी हमले में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज डूबा

### पहली बार समुद्री ड्रोन से हमला किया, 10 साल पहले जासूसी के लिए बनाया गया था

**मास्को।** यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी है।

यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था। यह लैगून-क्लास जहाज (तटीय इलाके का जहाज) था, जिसे जासूसी के लिए बनाया गया था। ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के

> ■ ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ

पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब रूस ने समुद्री ड्रोन से यूक्रेन के जहाज को तबाह किया। एक ड्रोन एक्सपर्ट्स ने इसे रूस की बड़ी कामयाबी बताया है। यूक्रेन ने भी जहाज पर हमले की पुष्टि की है। सिम्फेरोपोल जहाज को 2019 में लान्च हुआ था और 2021 में इसे यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2014 के बाद यूक्रेन की तरफ से लान्च किया गया यह सबसे बड़ा जहाज था। यूक्रेनी नौसेना के मुताबिक, इस हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। प्रवक्ता ने कहाः हमले के बाद हालात संभालने के कोशिश जारी हैं। जहाज के ज्यादातर क्रू सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ लापता लोगों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नक़ौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की को. शिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतर्राष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़्लापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से जयादा विमान हिस्सा लेंगे।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

## भारत पर 50% टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना हो रही है। कई अमेरिकी अर्थशास्त्री इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमेरिकी विदेश नीति के लिए आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वहीं, अब अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का कारण भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता के उनके दावे को स्वीकृति न मिलना है। जिसके कारण वे व्यक्तिगत तौर पर नाराज हो गए हैं और ऐसे कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य तनाव के बाद अपने

> ■ पाक से संघर्ष में मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को खारिज करना भारत पर टैरिफ की वजह, जेफरीज का दावा

हस्तक्षेप का दावा किया था, लेकिन उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को समाप्त करने का क्रेडिट नहीं मिला, जैसाकि वे चाहते थे। भारत ने ट्रम्प के दावों को लगातार नकारते हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया है। जेफरीज ने बताया कि भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद इस रुख को भारत ने बरकरार रखा है। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत की असहमति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए वैश्विक रूप से मिल रही स्वीकार्यता भी कमजोर पड़ी है।

## ट्रम्प की शिकागो में सेना तैनात करने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वाशिंगटन डीसी और लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात करने के बाद अब शिकागो में भी ऐसा करने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि शिकागो में हिंसा की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकागो में हत्या की दर नई दिल्ली की तुलना में 15 गुना ज्यादा है। शहर की बेहतरी के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है। शिक. ागो के मेयर ब्रैंडन जानसन ने शहर में नेशनल गार्ड के तैनाती की खबरों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए ऐसे कदम उठा रहे हैं।

### पाक मंत्री अहसान इकबाल का आरोप

## पानी को हथियार बना रहा है भारत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अहसान इकबाल ने आरोप लगाया कि भारत पर पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बांधों से जानबूझकर पानी छोड़ा, जिससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भयंकर बाढ़ आ गई।

इकबाल ने एक टीवी चैनल से कहाः भारत ने पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया और पंजाब में भारी बाढ़ ला दी। रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में अचानक पानी छोड़ा गया। इस बाढ़ की वजह से गुजरांवाला डिवीजन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पानी में डूब गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 776 लोगों की मौत हो चुकी है और 993 घायल हुए हैं। जबकि



> पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 750 से ज्यादा लोगों की मौत

4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं। पाकिस्तान पंजाब की सरकार का कहना है कि भारी बारिश और भारत की तरफ से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने से नदियों में बाढ़ आई है। इकबाल ने एक अन्य वीडियो में कहा कि भारत का यह पानी छोड़ना पानी की सबसे खराब हमला है। भारत नदियों में पानी रोकता है और फिर अचानक बांध से पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की जान और माल खतरे में पड़ जाते है। पानी जैसे मुद्दे को राजनीति से अलग रखना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह भी आरा. ेप लगाया कि उसने समय पर पानी छोड़ने की जानकारी पाकिस्तान को नहीं दी, जो बहुत गलत है। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने सिंध प्रांत में अलर्ट जारी किया है कि सरकार वहां से सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाए। वहीं, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का हिसाब रखा जाए और लोगों को बाढ़ वाले इलाकों में जाने से रोका जाए। भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए 4 दिन पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी थी।

## इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया

### गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगाई

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गति. विधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी।



> गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इजरायल ने किया इन्कार

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे। माना जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिका. रिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 514000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 641000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इजरायल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं।इजरायल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

### गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अल-थानी ने कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**नई दिल्ली/टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए।

भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की

> ■ भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता

स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'ई3' देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु

> ■ तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी

समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेस. ीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108